www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 33.c
29.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 96.325g
चांदी 97,900kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 एक देश-एक संदेश पर भी राजनीति, राष्ट्रीय हित के गंभीर विषय पर विचार जरूरी
लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई के आदेश 04

वर्ष :08 | अंक :331 | मुंबई ,शुक्रवार , 23 मई , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### आईएमडी ने कई राज्यों में जताई बारिश की चेतावनी, भारी बरसात की संभावना

भारत के कई राज्यों में गुरुवार और शुक्रवार को बारिश होगी जिससे लोगों को भीषण गर्मी के प्रकोप से राहत मिल सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार की सुबह से शुक्रवार सुबह तक बारिश की चेतावनी जारी की है जो कई अलग अलग राज्यों के लिए है। पश्चिम बंगाल के गंगा के तटीय क्षेत्र, कोंकण, गोवा, आंध्र प्रदेश व पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग की मानें तो गांगेय पश्चिम बंगाल में, हल्दिया (पूर्वी मेदिनीपुर) में 10 सेमी वर्षा दर्ज की गई, इसके बाद डायमंड हार्बर (दक्षिण 24 परगना) में 9 सेमी वर्षा दर्ज की गई। कोलकाता के दमदम और अलीपुर स्टेशनों (उत्तर 24 परगना और कोलकाता) में 4-4 सेमी बारिश दर्ज की गई, जबकि दीघा (उत्तर 24 परगना) में 2 सेमी बारिश दर्ज की गई। कोंकण और गोवा में भी वर्षा हुई, पंजिम (उत्तरी गोवा) में 9 सेमी, तथा मुंबई (सांताक्रूज) और रत्नागिरी (रत्नागिरी) दोनों में 3-3 सेमी वर्षा दर्ज की गई।

### मुआवजा राशि नहीं देने पर सील किए गए दो बीमा कंपनियों के दफ्तर

शाहजहांपुर जिले में अदालत के आदेश के बावजूद दुर्घटना बीमा की दावा राशि का भुगतान नहीं करने पर दो बीमा कंपनियों के दफ्तर जिलाधिकारी के आदेश पर सील कर दिए गए और एक कंपनी के बैंक खाते से लेन-देन पर रोक लगा दी गई है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि दुर्घटना बीमा की धनराशि अदा नहीं करने पर तीन बीमा कंपनियों के खिलाफ बुधवार को कार्रवाई की गई। इसके तहत ओरिएंटल इंश्योरेंस तथा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के कार्यालयों को बुधवार की रात सील कर दिया गया है। इस कार्रवाई के दौरान जिले के वरिष्ठ अधिकारी तथा पुलिस बल मौजूद था। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के बैंक खाते से लेन-देन पर रोक लगा दी गई है। सिंह ने बताया कि पूर्व में स्थानीय अदालत द्वारा विभिन्न मामलों में इन बीमा कंपनियों को दुर्घटना बीमा की मुआवजा राशि अदा करने के आदेश दिए गए थे लेकिन उसके बावजूद वे धनराशि नहीं चुका रही थीं। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके बाद उन्होंने उप जिलाधिकारी (सदर) संजय कुमार पांडे के साथ बैठक करके कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी पर लगभग 48 लाख रुपये, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी पर एक करोड़ 11 लाख तथा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी पर 74 लाख के करीब बकाया है।

# पीएम मोदी ने 103 पुनर्विकसित अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का किया उद्घाटन

## अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक, अब सिर्फ पीओके के बारे में ही बात होगी:मोदी

**अमृत स्टेशनों का उद्घाटन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीकानेर में 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया और 26,000 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की नींव रखी। उन्होंने कहा कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का महायज्ञ देश की प्रगति को नई दिशा दे रहा है। भारत में हो रहे इन विकास कार्यों से दुनिया भी हैरान है।




**महाराष्ट्र के 15 स्टेशन शामिल:-**
- आमगांव
- चंदा किला
- चिंचपोकली
- देवलाली
- धुले
- केडगांव
- लासलगांव
- लोनंद जंक्शन
- माटुंगा
- मुर्तिजापुर जंक्शन
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस
- इतवारी जंक्शन
- परेल
- सावदा
- शहाड
- वडाला रोड

एजेंसी

राजस्थान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान से 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 103 रिडेवलप रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया. यह अमृत भारत स्टेशन योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारतीय रेलवे के मॉडर्नाइजेशन को बढ़ावा देना है. इस योजना का उद्देश्य देश भर में 1,300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को एडवांस पैसेंजर सुविधाओं और रीजनल आर्किटेक्चर इंटीग्रेशन के साथ मॉडर्न ट्रांसपोर्टेशन हब में बदलना है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश के 19 रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प हुआ है। यह भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए इसे गति और गौरव के उत्तम समन्वय का नया प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि अमृत स्टेशन नये भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं।

**'दुनिया ने देख लिया जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है', बीकानेर में पीएम मोदी ने भरी हुंकार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बीकानेर में एक रैली के दौरान पाकिस्तान पर तीखा हमला किया और कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारत ने महज 22 मिनट के भीतर पाकिस्तान के नौ बड़े एयरबेस नष्ट कर दिए। उन्होंने कहा कि जब 'सिंदूर बारूद बन जाता है' तो पूरी दुनिया ने देखा और दुश्मनों ने भी इसका नतीजा देखा। पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने हमारी बहनों का धर्म पहचान कर उनके सिंदूर को मिटा दिया। हमला पहलगाम में हुआ, लेकिन गोलियों ने 1.4 अरब भारतीयों के दिलों को छलनी कर दिया। मोदी ने कहा कि एक स्वर में एकजुट होकर, हर भारतीय ने आतंकवाद को खत्म करने और कल्पना से परे सजा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# बहादुरी और बलिदान देने वाले जवानों को मिले गैलेंट्री अवॉर्ड्स

## शौर्य चक्र-कीर्ति चक्र देने डाइस से उतरीं राष्ट्रपति मुर्मू; शहीदों की मांओं को गले लगाया

**राष्ट्रपति ने कीर्ति चक्र और शौय चक्र दिए**

शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वॉड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, सीआरपीएफ के जेफरी हमिंगचुल्लो, इंस्पेक्टर (जीडी), जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस ऑफिसर अब्दुल लतीफ, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह का नाम शामिल है।



एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पहले चरण के गैलेंट्री अवॉर्ड्स दिए। ये अवॉर्ड ड्यूटी के दौरान असाधारण बहादुरी, समर्पण और बलिदान देने वालों के सम्मान में दिए गए। राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में हुए समारोह में पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस दौरान मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) और द सिख लाइट इन्फेंट्री 19 राष्ट्रीय राइफल्स सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दो बार राष्ट्रपति मुर्मू डाइस से नीचे उतरकर आईं। जब शहीद जवानों की मां और पत्नियां अवॉर्ड लेने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी। इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वॉड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र दिया गया। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, अएड कठर विशाखापट्टनम को शौर्य चक्र प्रदान किया है।

# वक्फ कानून– सुनवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

## सिब्बल बोले- 200 साल पुराने कब्रिस्तान भी छिन जाएंगे, सरकार अपनी गलती का फायदा नहीं उठा सकती

चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है

एजेंसी

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया है। इन मुद्दों कोर्ट द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को डिनोटिफाई करना, वक्फ-बाय-यूजर या वक्फ बाय डीड शामिल है। फैसला सुरक्षित रखने से पहले सुप्रीम कोर्ट ने लगातार तीन दिन सुनवाई की।




सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ के दर्जे को लेकर एक बार जांच शुरू हो जाए तो रिपोर्ट आने तक वक्फ का दर्जा खत्म हो जाता है। सिब्बल ये भी बोले, इस पर सीजेआई ने कहा कि जमीन का रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं कराया गया? इस पर कपिल सिब्बल ने कहा, उन्होंने (मुस्लिम समुदाय) रजिस्ट्रेशन इसलिए नहीं कराया, क्योंकि यह राज्य की जिम्मेदारी थी, अब वे (सरकार) कहते हैं कि उन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया, इसलिए यह समुदाय की गलती है।


# 'खोखले भाषण देना बंद कीजिए'

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, कहा- आपका खून सिर्फ...

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भारत के सम्मान से समझौता करने का आरोप लगाया. उन्होंने सीजफायर को लेकर ट्रंप के बयान का जिक्र करते हुए पीएम पर निशाना साधा.

एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर रोके जाने के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक टिप्पणी का हवाला देते हुए गुरुवार (22 मई 2025) को आरोप लगाया कि उन्होंने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया है. उन्होंने सवाल पूछा कि प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से पिछले दिनों दिए गए राष्ट्र के नाम संबोधन के वाडियो का एक हिस्सा एक्स पर शेयर किया जिसमें मोदी ने कहा है कि सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) स्तर पर संवाद के दौरान पाकिस्तान ने भरोसा दिलाया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, जिसके बाद भारत ने भी उसकी बात पर विचार किया. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए. सिर्फ इतना बताइए कि आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुबार्नी क्यों दी और आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है? उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भारत के सम्मान से समझौता करने का आरोप लगाया है. 'सिर्फ कैमरे के आगे गर्म होता है पीएम का खून' कांग्रेस पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीजफायर को लेकर पीएम मोदी पर निशाना साधा. पार्टी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ₹सेना पूरे बल से लड़ी हो...बस दो कदम पे जीत खड़ी हो, लेकिन जब मौका आ जाए...तभी अचानक रुकना नहीं था. कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सीजफायर का जिक्र करते हुए कहा, मोदी जी का खून सिर्फ कैमरा के सामने गर्म होता है. अमेरिका के आगे ठंडा पड़ जाता है.



# सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट, 5 अन्य के भी नाम शामिल

2024 में, सीबीआई ने किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के लिए 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कॉन्ट्रैक्ट देने से जुड़े कथित भ्रष्टाचार की जांच के तहत दिल्ली और जम्मू में आठ स्थानों पर तलाशी ली थी। यह जांच 2022 में जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा किए गए अनुरोध से उपजी है, जिसमें दो प्रमुख अनुबंधों के पुरस्कार में संदिग्ध अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग की गई थी।



एजेंसी

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने कीरू जलविद्युत भ्रष्टाचार मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और पांच अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 2024 में, सीबीआई ने किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के लिए 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कॉन्ट्रैक्ट देने से जुड़े कथित भ्रष्टाचार की जांच के तहत दिल्ली और जम्मू में आठ स्थानों पर तलाशी ली थी। यह जांच 2022 में जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा किए गए अनुरोध से उपजी है, जिसमें दो प्रमुख अनुबंधों के पुरस्कार में संदिग्ध अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग की गई थी।

# रिश्ते एक-दूसरे की चिंताओं के आधार पर...

## पाकिस्तान के यार तुर्की को भारत का संदेश

रणधीर जायसवाल ने कहा कि सेलेबी मामले पर यहां तुर्की दूतावास के साथ चर्चा की गई है। लेकिन मैं समझता हूं कि यह विशेष निर्णय नागरिक उड्डयन सुरक्षा द्वारा लिया गया था।



एजेंसी

भारत ने गुरुवार को कहा कि वह उम्मीद करता है कि तुर्की पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को समर्थन बंद करने और आतंकवादी तंत्र के खिलाफ कार्रवाई करने का 'दृढ़तापूर्वक आग्रह' करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि तुर्की पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन बंद करने और दशकों से अपने यहां पनप रहे आतंकी तंत्र के खिलाफ विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का पुरजोर आग्रह करेगा। संबंध एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बनते हैं। रणधीर जायसवाल ने कहा कि सेलेबी मामले पर यहां तुर्की दूतावास के साथ चर्चा की गई है। लेकिन मैं समझता हूं कि यह विशेष निर्णय नागरिक उड्डयन सुरक्षा द्वारा लिया गया था। यह टिप्पणी भारत और तुर्की के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच आई है, जिसकी शुरूआत तुर्की द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा करने वाली टिप्पणी से हुई है। पाकिस्तान ने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान बड़े पैमाने पर तुर्की के ड्रोन का भी इस्तेमाल किया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता समाप्त करने का श्रेय लेने पर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अपनी पिछली ब्रीफिंग में, मैंने इस मुद्दे को संबोधित किया था। मेरे पास कहने के लिए और कुछ नहीं है। आप हमारी स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी जुड़ाव द्विपक्षीय होना चाहिए। साथ ही, मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते।

# यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को नहीं मिली राहत

## कोर्ट ने चार दिन बढ़ाई पुलिस हिरासत की अवधि

हिसार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शशांक कुमार सावन के अनुसार, मल्होत्रा को एक संपत्ति के रूप में विकसित किया जा रहा था और उसने अन्य यूट्यूब प्रभावशाली लोगों और पाकिस्तानी नागरिकों के साथ संबंध बनाए रखे थे।



एजेंसी

हरियाणा की हिसार जिला अदालत ने गुरुवार को यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। उन्हें कथित तौर पर संवेदनशील जानकारी साझा करने और एक पाकिस्तानी नागरिक के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस बीच, पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सीआईडी क्राइम ब्रांच, सार्थक सारंगी ने कहा कि तथ्यों की अभी भी पुष्टि की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि हमें अभी जानकारी मिली है कि यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर का दौरा किया और इसके बारे में एक वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। वह चिल्का और कोणार्क भी गई थी। वह ओडिशा के एक यूट्यूबर के संपर्क में थी। हम सभी तथ्यों की पुष्टि कर रहे हैं। हम ज्योति मल्होत्रा के संबंध में हरियाणा में अपने समकक्षों के संपर्क में हैं। हिसार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शशांक कुमार सावन के अनुसार, मल्होत्रा को एक संपत्ति के रूप में विकसित किया जा रहा था।

**नजर**

## हिमंत बिस्वा सरमा चेताया, कहा- हमारे एक तो तुम्हारे दो

# 'चिकन नेक' पर बांग्लादेश की बुरी नजर!

एजेंसी

नयी दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने चिकन नेक विवाद के बीच बांग्लादेश के खिलाफ तीखा जवाबी हमला किया है। पश्चिम बंगाल में भूमि का एक संकरा हिस्सा सिलीगुड़ी कॉरिडोर को अक्सर 'चिकन नेक' कहा जाता है। यह कॉरिडोर पूर्वोत्तर राज्यों को मुख्य भूमि भारत से जोड़ता है। पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा हैं। हाल ही में बांग्लादेश के अंतरिम नेता मुहम्मद यूनुस ने अपनी चीन यात्रा के दौरान चिकन नेक क्षेत्र और पूर्वोत्तर राज्यों के प्रति अपने बुरे इरादों का मुद्दा उठाया था। अब सीएम सरमा ने दो चिकन नेक थ्योरी के साथ पलटवार किया है। सरमा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा शक्ति अब दुनिया के सामने है और उन्होंने कहा कि कोई भी भारतीय भूमि को छूने की हिम्मत नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, ₹हम अपनी आंतरिक नीतियों को आकार देने के लिए चिकन नेक की बात करते हैं, लेकिन कोई भी इस चिकन नेक पर हाथ नहीं रख सकता। ऑपरेशन सिंदूर के बाद लोगों को पहले ही समझ आ गया है कि भारत कितना शक्तिशाली है।₹ असम के सीएम ने कहा कि भारत पर हमला करने के बारे में सोचने के लिए भी बांग्लादेश को दोबारा जन्म लेना होगा। सरमा ने कहा कि बांग्लादेश एक छोटा देश है और इसकी तुलना भारत से नहीं की जानी चाहिए। सरमा ने कहा कि मैं अभी हमारी परमाणु शक्ति का जिक्र भी नहीं कर रहा हूं। भारत पर हमला करने के बारे में सोचने के लिए भी बांग्लादेश को दोबारा जन्म लेना होगा। बांग्लादेश को कोई महत्व देने की जरूरत नहीं है। यह एक छोटा देश है, इसकी तुलना भारत से नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि हमारे पास एक चिकन नेक है। लेकिन बांग्लादेश के पास दो चिकन नेक हैं। अगर बांग्लादेश हमारे चिकन नेक पर हमला करता है, तो हम बांग्लादेश के दोनों चिकन नेक पर हमला करेंगे... बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह को जोड़ने वाला मेघालय का चिकन नेक भारत के चिकन नेक से भी पतला है और बस पत्थर फेंकने की दूरी पर स्थित है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने डेरगांव में कहा कि हमारे पास एक चिकन नेक है। लेकिन बांग्लादेश के पास दो चिकन नेक हैं। अगर बांग्लादेश हमारे चिकन नेक पर हमला करता है, तो हम बांग्लादेश के दोनों चिकन नेक पर हमला करेंगे। बांग्लादेश का पहला चिकन नेक मेघालय से जुड़ता है।



सरमा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा शक्ति अब दुनिया के सामने है और उन्होंने कहा कि कोई भी भारतीय भूमि को छूने की हिम्मत नहीं कर सकता।

# शराब घोटाले के 41 मामलों पर तमिलनाडु सरकार से एचसी ने मांगी रिपोर्ट

## अधिक कीमत वसूलने का है आरोप



वेंकटचलपति ने अदालत से जांच को सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया, आरोप लगाया कि राज्य सरकार ईडी की जांच में बाधा डाल रही है और मामले में राज्य द्वारा आगे कोई भी जांच करने पर रोक लगाने की मांग की।

एजेंसी


नयी दिल्ली। मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (तस्माक) घोटाले से संबंधित 41 मामलों पर तमिलनाडु सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी है। यह निर्देश तिरुनेलवेली के वकील के. वेंकटचलपति द्वारा दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान आया, जिन्होंने दावा किया था कि तस्माक दुकानों के माध्यम से बेची जाने वाली शराब की अधिक कीमत वसूलने का आरोप लगाते हुए कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिसमें 1,000 करोड़ रुपये की अनियमितताएं सामने आई हैं। याचिका के अनुसार, सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने 2017 से 2024 के बीच एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया और इस साल मार्च में छापेमारी की। वेंकटचलपति ने अदालत से जांच को सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया, आरोप लगाया कि राज्य सरकार ईडी की जांच में बाधा डाल रही है

## सम्पादकीय

# भारत की चिंता बढ़ाता बांग्लादेश, अवामी लीग पर प्रतिबंध घातक

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने से लोकतांत्रिक ढांचे को खतरा है। शेख मुजीबुर्रहमान द्वारा स्थापित और शेख हसीना द्वारा समर्थित अवामी लीग बांग्लादेश की सबसे बड़ी पार्टी है। इस प्रतिबंध से कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा मिलेगा और भारत के लिए चिंता बढ़ेगी। भारत को क्षेत्रीय स्थिरता और अपने हितों की रक्षा के लिए चौकन्ना रहना होगा। मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की अगुआई वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश की सबसे बड़ी और पुरानी राजनीतिक पार्टी अवामी लीग पर आतंकवाद-रोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया है। बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई का नेतृत्व बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान ने किया था। उन्होंने भारत के सहयोग से बांग्लादेश को पाकिस्तान से स्वतंत्रता दिलाई और अवामी लीग को एक मजबूत राजनीतिक दल के रूप में स्थापित किया। वर्तमान में अवामी लीग की नेता और बांग्लादेश से निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना इन दिनों भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उनके खिलाफ आतंकवाद-रोधी कानून के तहत सैकड़ों मामले दर्ज किए हैं, जिनमें हत्या, आगजनी और हिंसा जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। यदि अवामी लीग आगामी चुनावों में भाग नहीं ले पाती तो यह बांग्लादेश के लोकतांत्रिक ढांचे और भारत के लिए चिंता की बात होगी। अवामी लीग पर लगे प्रतिबंध को मौजूदा सरकार और छात्र संगठन एक अच्छा कदम मानते हैं। वे अवामी लीग पर प्रतिबंध को न्याय की जीत कह रहे हैं। कुछ लोग इस कदम को एक दुष्चक्र की तरह देख रहे हैं, क्योंकि अंतरिम सरकार ने अवामी लीग को प्रतिबंधित करके वही काम किया, जो अवामी लीग ने सत्ता में रहते हुए बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों के साथ किया था। बांग्लादेश में जिस कथित ह्यद्वितीय गणतंत्रह्ण की स्थापना शेख हसीना को बेदखल करने के बाद हुई थी, उसी ने देश के सबसे बड़े दल के लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए। यह घटनाक्रम बांग्लादेश में लोकतंत्र को कमजोर करेगा। इतना ही नहीं, यह उस कट्टर इस्लामिक विचारधारा को मजबूत करेगा, जिसके खिलाफ अवामी लीग आवाज उठाती रही है। पड़ोस में कट्टर इस्लामी ताकतों का उभार भारत के हित में भी नहीं। बांग्लादेश में ह्यसुधारवादह्ण की भी बात हो रही है, जिसका प्रतिनिधित्व मोहम्मद यूनुस सरकार चलाते हुए कर रहे हैं। यूनुस सरकार विधायी, सिविल और बैंकिंग सेवाओं में सुधार लाने का प्रयास कर रही है, लेकिन इस काम में उनके समक्ष एक बाधा समय की कमी है। इसी का हवाला देकर यूनुस कई बार यह कह चुके हैं कि बांग्लादेश में चुनाव तब तक नहीं हो सकते, जब तक देश में सुधार पूरी तरह से न हो जाएं।

## आज का विचार




# एक देश-एक संदेश पर भी राजनीति, राष्ट्रीय हित के गंभीर विषय पर विचार जरूरी

> पहलगाम हमले के बाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के निर्णय पर सत्ता और विपक्ष के बीच मतभेद हैं। कांग्रेस ने शशि थरूर के चयन पर सवाल उठाए जबकि भाजपा ने गौरव गोगोई और नासिर हुसैन के नामों पर आपत्ति जताई। राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर राजनीतिक सहमति की कमी चिंताजनक है।

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तान का सच और आतंकवाद पर भारत की जीरो टालरेंस नीति दुनिया को बताने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने की कूटनीतिक पहल में भी दलगत राजनीति दुखद है। विश्व को दिए जाने वाले एक देश–एक संदेश में ऐसी राजनीति से हर हाल में बचा जाना चाहिए था। यह पहली बार नहीं, जब अंतरराष्ट्रीय महत्व के किसी विषय पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजा जा रहा हो। 1994 में कश्मीर पर भारत का पक्ष रखने के लिए नरसिंह राव सरकार ने विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग भेजा था, जिसमें सलमान खुर्शीद भी थे। 2008 में मुंबई आतंकी हमले के बाद भी मनमोहन सरकार ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजे थे। याद नहीं कि राष्ट्रीय हित के किसी मुद्दे पर कभी इतने निचले स्तर की दलगत राजनीति की गई हो। विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा पर राजनीतिक सहमति की परंपरा रही है, पर बढ़ती कटुता उस पर ग्रहण लगा रही है। इस कटुता के बावजूद पहलगाम आतंकी हमले के बाद सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने जवाबी कार्रवाई के लिए मोदी सरकार को पूर्ण समर्थन दिया, पर उस बैठक में प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति पर सवाल भी उठे। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। प्रधानमंत्री उस दिन बिहार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा की



चेतावनी दे रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। उसकी अध्यक्षता भी रक्षा मंत्री ने ही की। सभी दलों ने सेना के शौर्य की प्रशंसा करते हुए सरकार को समर्थन दोहराया, पर प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति पर सवाल भी उठाया। आतंकवाद और पाकिस्तान से तनाव के मुद्दे पर राजनीतिक सहमति के बीच भी दलगत दांवपेच दिखते रहे। विपक्ष ने भाजपा की तिरंगा यात्रा को सेना के शौर्य का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कहा और मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक बयान पर भी उसे घेरा। इसके बाद सैन्य टकराव थमने और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उसका श्रेय लेने की कोशिश तथा संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग पर भी सत्तापक्ष–विपक्ष में तल्खी बढ़ी। इस तल्खी के बीच सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने के निर्णय पर भी राजनीति शुरू हो गई। चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व राजग, जबकि तीन का नेतृत्व विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए के सदस्य करेंगे। प्रतिनिधिमंडलों में गैर सांसद भी हैं और राजनयिक भी। एक देश–एक संदेश मुखर करने की इस कूटनीतिक रणनीति पर भाजपा कांग्रेस के बीच राजनीतिक रार राजनयिक पृष्ठभूमि वाले पूर्व विदेश राज्य मंत्री शशि थरूर को लेकर छिड़ी। चूंकि हाल के दिनों में थरूर मोदी के प्रशंसक दिखे हैं, इसलिए कांग्रेस को कहना पड़ा कि वह लक्ष्मण–रेखा लांघ रहे हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के लिए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू द्वारा नाम मांगने पर कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय मामलों के संभवत: सबसे बेहतर जानकार थरूर का नाम नहीं भेजा। सरकार ने खुद उन्हें एक प्रतिनिधिमंडल का नेता बनाया। थरूर ने इसे सम्मान की बात बताया। लगता है रिजीजू जब मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से बात कर रहे थे, उससे पहले ही वह थरूर को पेशकश कर चुके थे। इसका संकेत थरूर की एक्स पोस्ट से मिला। सात प्रतिनिधिमंडलों में जिन कांग्रेस नेताओं को शामिल किया गया है, उनमें सिर्फ पूर्व मंत्री आनंद शर्मा का नाम ही पार्टी द्वारा सरकार को भेजे नामों में था। बाकी चार नेताओं–थरूर, सलमान खुर्शीद, मनीष तिवारी और अमर सिंह का चयन खुद सरकार ने किया। ऐसा नहीं कि देश का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधिमंडल का चयन सरकार नहीं कर सकती, लेकिन फिर दलों से नाम मांगे जाने का क्या औचित्य? अंतरराष्ट्रीय मामलों में थरूर की समझ पर संदेह नहीं, फिर भी कांग्रेस ने उनके बजाय आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा के नाम भेजे तो सवाल उठने स्वाभाविक थे। यह मानना सही नहीं होगा कि सरकार ने थरूर का चयन सिर्फ उनकी विशेषज्ञता के आधार पर किया, क्योंकि कुछ सदस्य इस कसौटी पर खरा नहीं उतरते। दरअसल केरल में अर्से से पांव जमाने की कोशिश कर रही भाजपा को वहां एक लोकप्रिय चेहरा चाहिए, जबकि थरूर अपनी उपेक्षा को लेकर कांग्रेस से निराशा व्यक्त कर चुके हैं। थरूर के चयन पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की यह टिप्पणी बहुत कुछ कहती है कि कांग्रेस में होने और कांग्रेस का होने में जमीन–आसमान का अंतर है। सरकार पर शरारत के जयराम रमेश के आरोपों पर रिजीजू ने सफाई दी कि उन्होंने नाम मांगे नहीं थे, बस शिष्टाचारवश कांग्रेस नेतृत्व को सूचित किया था। सच क्या है, पता नहीं। भाजपा ने गौरव गोगोई और सैयद नासिर हुसैन के नामों पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा गोगोई की पत्नी पर पाकिस्तान से संबंधों के आरोप लगाते रहे हैं, तो नासिर हुसैन के राज्यसभा के लिए निर्वाचन के समय पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाने के मामले में तीन लोग गिरफ्तार हुए थे। ममता बनर्जी को भी यह नहीं भाया कि सरकार ने बिना पूछे उनके सांसद यूसुफ पठान का चयन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए कर लिया। उनकी आपत्ति के चलते पठान की जगह उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बने। इस अवांछनीय विवाद के बीच कांग्रेस ने कहा कि उसके सदस्य देश के लिए अपने कर्तव्य का निर्वाह करेंगे, लेकिन इसके बाद एस.जयशंकर के ऑपरेशन सिंदूर पर दिए गए बयान को लेकर राहुल गांधी ने उन पर जैसा तीखा हमला बोला और फिर पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने विदेश मंत्री को जिस तरह पाकिस्तान का मुखबिर कह दिया, उससे सर्वदलीय सहमति तार–तार हो गई। राहुल की टिप्पणी को पाकिस्तानी चैनलों ने भुनाना शुरू कर दिया। इस पर भाजपा ने राहुल को मीर जाफर तो कांग्रेस ने जयशंकर को जयचंद कहा दिया। क्या इस सबको सर्वदलीय सहमति कहा जा सकता है?




**मेष राशिः** दिन आपके लिए निराशा भरा रहने वाला है. गृहस्थ जीवन में आपके अपने साथी के साथ किसी बात को लेकर तनातनी हो सकती है, लेकिन उसमें आप मामले को धैर्य से सुलझाएं, नहीं तो लड़ाई लंबी चल सकती है.

**वृष राशि :** दिन आपके चारों ओर का वातावरण सुख में रहने वाला है और आप किसी मामले में समझौता बहुत ही सोच विचारकर करें, उसके नीति व नियमों को अवश्य जाने.

**मिथुन राशि :** दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है. आप कार्यक्षेत्र में कुछ नया करने की सोचेंगे. आपको कल किसी बड़ी कंपनी में निवेश करने का मौका मिल सकता है. जो लोग किसी रुके हुए काम को लेकर परेशान हैं, तो उनका वह काम पूरा हो सकता है.

**कर्क राशि :** दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए कुछ कमजोर रहने वाला है. आपको बिजनेस संबंधी कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचना होगा, नहीं तो आप से कोई गलती हो सकती है. यदि आपने पहले किसी को धन उधार दिया था

**सिंह राशिः** दिन आपके लिए सावधानी और सतर्कता बरतने के लिए रहेगा, क्योंकि आप अपने आस-पड़ोस में हो रहे किसी वाद विवाद में ना पड़े, नहीं तो समस्या हो सकती है. आप यदि किसी नए वाहन की खरीदारी करने की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी हो सकती है.

**कन्या राशि :** दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है और व्यापार में मन मुताबिक लाभ मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे, जिसके कारण आप संतान को भी कुछ अच्छे कामों का पाठ पढ़ाएंगे.

**तुला राशि :** दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए कुछ समस्याएं लेकर आ सकता है. आपको अपने साथी के ऊपर किसी बात को लेकर शक हो सकता है, जिसके कारण दोनों के बीच अनबन बनी रहेगी. कार्यक्षेत्र में आप किसी बात को लेकर विरोध ना करें, नहीं तो समस्या हो सकती है.

**वृश्चिक राशि :** दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा और आप भाईचारे को पूरा बढ़ावा देंगे. आपकी अपने भाइयों से खूब जमेगी, लेकिन कार्यक्षेत्र में आप किसी गलत बात के लिए अधिकारियों के सामने हां कर सकते हैं

**धनु राशि :** दिन आपके लिए धन सम्बंधित मामलों में कुछ कमजोर रहने वाला है. आप मन सें लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं, इसलिए आपको सावधान रहना होगा. बिजनेस कर रहे लोग कल किसी बात को लेकर अपने परिजनों से बातचीत कर सकते हैं.

**मकर राशि :** दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है. नौकरी की तलाश कर रहे लोग भागदौड़ में लगे रहेंगे, फिर भी वह मन मुताबिक लाभ ना पाकर थोड़ा निराश रहेंगे, लेकिन आप अपने घर में कल किसी पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन आदि का आयोजन करा सकते हैं

**कुंभ राशि :** दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको किसी नए काम को करने से पहले वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत अवश्य करनी होगी. मित्रों के साथ आप किसी पार्टी को करने की योजना बना सकते हैं, जो लोग सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करते हैं

**मीन राशिः** दिन विद्यार्थियों के लिए उत्तम रहने वाला है, उन्हें शिक्षा से संबंधित कुछ नये अवसर प्राप्त होंगे और कार्यक्षेत्र में सब कुछ नया सीखने की होड़ में लगे रहेंगे, जिससे आपके ज्ञान में भी वृद्धि होगी. माता-पिता से आप किसी जरुरी बात के लिए बातचीत कर सकते हैं, लेकिन आपको से किसी गलत बात के लिए हां करने से बचना होगा. आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए सिरदर्द बन सकता है. गृहस्थ जीवन जी रहे लोग कल साथी से संतान से संबंधित कुछ समस्याओं पर बातचीत कर सकते हैं, जिनका समाधान आप मिलकर खोजेंगे.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# कोरोना की दस्तक पर सजगता जरूरी

विजय गर्ग



देश-दुनिया पर कोरोना का संकट एक बार फिर मंडरा रहा है। वैसे देश में प्रभावितों की संख्या मामूली है। 19 मई तक आधिकारिक तौर पर 257 मामले थे। अभी बीते सप्ताह के ताजे आंकड़ों के अनुसार संख्या कम जरूर है लेकिन सच्चाई भी है कि मामले या तो समझ नहीं आ रहे या दर्ज नहीं हो रहे हैं।

बीते सप्ताह केरल में 69, महाराष्ट्र में 44 और तमिलनाडु में 34 मामले दर्ज हुए। लेकिन शेष एशिया में जिस तरह से कोविड के मामले दर्ज हो रहे हैं, वे चिंता बढ़ाते दिख रहे हैं। हांगकांग और सिंगापुर में यह तेजी से फैल रहा है। अभी नया वैरिएंट जेएन-1 का प्रकोप जारी है। यह पहली बार अगस्त, 2023 में मिला था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे दिसंबर, 2023 में ही ह्यवैरिएंट ऑफ इंटरेस्टह्ण घोषित कर साफ किया था कि यह ओमिक्रॉन बीए 2.86 का वंशज है। इसमें 30 के लगभग म्यूटेशन पाए गए जिनमें एलएफ7 और एनबी1.8 की संख्या ज्यादा थी।

कोरोना की यह नई लहर साउथ-ईस्ट एशिया में ज्यादा असर दिखा रही है। सिंगापुर, हांगकांग और थाईलैंड जैसे देशों में कोविड के मामले बहुत ही तेजी से बढ़े हैं। अकेले सिंगापुर में मई की शुरूआत में 14,200 से ज्यादा नए मामले आए। इन जगहों पर भी जेएन1 और उसके उप-वैरिएंट ज्यादा मिल रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन देशों में बढ़ते मामलों का कारण वहां लोगों के शरीर में एंटीबॉडी का कम हो जाना भी है। भारत में भी ऐसी संभावना से इंकार नहीं है। तमिलनाडु, केरल और महाराष्ट्र में धीरे ही सही, इसका बढ़ना अच्छा संकेत नहीं है।

बीते 18 मई को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रैविस हेड कोरोना संक्रमित हुए तो दूसरे ही दिन बिग बॉस फेम शिल्पा शिरोडकर भी शिकार हो गईं। इतना तो समझ आ गया है कि सिंगापुर अब नया हॉटस्पॉट बनकर उभर रहा है। सप्ताहभर में ही संक्रमण के मामलों में 28 फीसदी की वृद्धि चिंताजनक है। चीन से छन-छनकर जो निकल रहा है वहां भी बीते एक महीने में कोरोना मामलों में काफी तेजी आई है। लेकिन चीन से जितने वैरिएंट सामने आए, उसने दुनिया में कैसा विनाश मचाया था, सबने देखा।

इस बार संक्रमित होने वाले अधिकतर लोग वे हैं जो कोमोरबिडिटी यानी सह-रुग्णता वाली स्थिति में हैं। इसमें प्रभावितों को एक ही समय में एक से अधिक बीमारियां होती हैं। कुछ सामान्य जोखिम कारक होते हैं, जबकि कुछ अन्य स्थितियों से उत्पन्न लक्षणों या उसके उपचारों के कारण होते हैं। अभी ज्यादातर लक्षण, कोमोरबिडिटी या फिर 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में दिख रहे हैं। स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए अधिकारियों ने डॉक्टर की सलाह पर अपडेटेड वैक्सीन लेने की सलाह दी है। उच्च जोखिम वाले बुजुर्गों, कोमोरबिडिटी के शिकार को पहले से ही सालाना कोविड-19 वैक्सीन लेने की सलाह दी जाती रही है।

मुंबई के एक अस्पताल में दो मरीजों की मौत के बाद भ्रम की स्थिति बनी है। अस्पताल ने इन्हें गंभीर बीमारियों से हुई मौत बताया जिसका कोविड-19 से कोई संबंध नहीं था। अस्पताल का कहना है कि मौतें कोविड-19 से नहीं, बल्कि हाइपोकैल्सीमिक दौरे और कैंसर के साथ नेफ्रोटिक सिंड्रोम जैसी गंभीर बीमारियों के कारण हुई हैं। लेकिन चर्चा है कि दोनों मृतकों में कोविड के लक्षण थे। लगता नहीं कि ऐसी ऊहापोह वाली स्थितियों से कोविड को लेकर फिर पहले जैसा भ्रम फैलेगा? भारत में फिर से कोरोना वायरस के मामले धीरे-धीरे बढ़ने लगे हैं।

हांगकांग के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ का बयान चिंताजनक है जिसमें उन्होंने माना कि कोरोना वायरस के मामले वहां तेजी से बढ़ रहे हैं। सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने की संख्या अभी साल के महज पांचवें महीने में ही उच्च स्तर पर पहुंच गई है। जबकि चीन में श्वास संबंधी बीमारियों की जांच करवाने वाले मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दोगुने होना चिंताजनक है। लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। साथ ही चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर तेज भी हो सकती है।

साउथ-ईस्ट एशिया के हालात देखते हुए भारत भी सतर्क है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण, आपदा प्रबंधन सेल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के विशेषज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि कोविड के पुष्ट मामलों की मौजूदा संख्या 257 है। देश की आबादी के दृष्टिगत यह बहुत कम है। अस्पतालों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों और श्वसन संक्रमण के गंभीर मामलों की निगरानी करने के लिए कहा गया है। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से निगरानी रख हुए है। देशभर के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भी जिम्मेदारी है कि वे सभी पर्याप्त इंतजाम रखें। जरा-सा संदेह होने पर चिकित्सकीय परामर्श में कोताही न बरतें। अच्छा हो कि अभी से सचेत हो जाएं।

# अविश्वसनीय पाकिस्तान और डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका

संजीव ठाकुर

यह बात एकदम सार्वजनिक एवं सर्वविदित है की स्वतंत्रता के बाद से पाकिस्तान धार्मिक कट्टरता एवं आतंकवाद का पोषक देश बनकर उभरा है और तब से ही भारत के विरोध में अमेरिका चीन और गल्फ देशों का समर्थन प्राप्त कर भारत की सीमा में आतंकवादी गतिविधि संचालित करता आया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद युद्ध स्थगन के बाद पाकिस्तान ने जो अपनी तरफ से भारत की शर्तों में संधि वार्ता की है वह अति अविश्वसनीय है। सीजफायर के बाद 3 घंटे में ही उसने उसका उल्लंघन कर भारत अधिकृत कश्मीर तथा पंजाब में ड्रोन से आतंकी हमले किए हैं इसके अलावा भारत एवं पाकिस्तान के बीच अनेक संधि तथा समझौते हुए जिनका खुला उल्लंघन पाकिस्तान ने किया है इसी तरह अमेरिका ने भी भारत को ऐतिहासिक तौर पर धोखा दिया है। भारत चीन युद्ध और भारत-पाकिस्तान युद्ध में अमेरिका ने हमेशा चीन तथा पाकिस्तान का जोर शोर से साथ दिया है। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ ही उनके द्वारा घोषित आक्रामक नीति तथा बदलाव के चलते न सिर्फ अमेरिका के जनजीवन का हर पहलू प्रभावित हुआ है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हर देश को अपनी नीतियों से आलोचक बनाने के साथ-साथ आश्चर्यचकित भी किया है। इतिहास में ट्रंप ने संयुक्त राज्य अमेरिका मैं अपनी आक्रामक नीति और ध्रुवीकरण से अपने सभी पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों को बहुत पीछे छोड़ दिया है दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ऐसे परिवर्तनों की झड़ी लगा दी है जिससे न सिर्फ अमेरिका का जीवन परिदृश्य बदल गया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सभी देशों को आश्चर्यचकित करने के साथ-साथ बड़ा आलोचक बना दिया है। वाशिंगटन पोस्ट ओं न्यूयॉर्क टाइम्स ने ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के 100 दि1नों का विश्लेषण किया है समाचार पत्र कहते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल का उपयोग अस्थिर कच्ची राजनीतिक शक्ति का प्रयोग करने और देश को अपनी छवि बदलने की इरादे से कई नियमों को तोड़ मरोड़ कर बदल दिया है। अमेरिका ने इसके पूर्व कभी ऐसी राजनीतिक शक्ति को नहीं देखा है। ट्रंप के बदलाव का असर अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीयता शिक्षा एवं व्यापार पर पड़ा है। ट्रंप के इस व्यवहार से उनके सहयोगी देशों और और कट्टर दुश्मन देश को अचंभित कर दिया है। भारतीय संदर्भ में लिया जाए तो डोनाल्ड ट्रंप ने टेरिफ नीति में भारत के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है और बड़ा नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर में भी गलत बयानी देकर पूरे विश्व को भारत का विरोध करते देखा गया है। इसके पूर्व अमेरिका को भारत मित्र की तरफ पेश आता रहा है, लेकिन अमेरिका प्रमाणिक तौर पर ट्रंप के शासनकाल में धोखेबाजी का प्रतीक चिन्ह बन गया है। जबकि दूसरी तरफ चीन पाकिस्तान युद्ध में रूस भारत के साथ एक सच्चे मित्र की तरह डटकर सामने खड़ा रहा है इसी तरह ऑपरेशन सिंदूर के समय भी रूस के द्वारा भेजी गई रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान को पस्त कर दिया, पहलगाम में 27 निर्दोष लोगों की हत्या के बाद आतंकवादी पोषक नापाक पाकिस्तान के विरोध में रूस तथा इसराइल खुलकर भारत के समर्थन में आए किंतु अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़बोलापन दिखाकर गलत बयानबाजी कर विश्व मेंअपनी भारत विरोधी नीति को स्पष्ट कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को अमेरिका के प्रयासों से ही लगभग 1अरब डॉलर्स की मदद इंटरनेशनल मोनेटरी फंड से दिलवाई गई। जिसका निश्चित तौर पर पाकिस्तान आतंकवादी गतिविधियों में ही करने वाला है। इस मदद का भारत के आक्रमण से मरे 100 आतंकवादियों को एक-एक करोड़ रुपए देने का निर्णय भी पाकिस्तान सरकार ने निर्णय लिया है।

# बूझमाड़ के जंगल में नक्सल ऑपरेशन पर आया फडणवीस का रिएक्शन, कहा- बसवराजू 75 से ज्यादा जवानों की हत्या में था शामिल

**छत्तीसगढ़ के कई कांग्रेस नेता और मंत्रियों की हत्या के मामलों का मास्टरमाइंड था। इसके साथ-साथ करीब 26 माओवादियों को मार गिराया गया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , बूझमाड़ के जंगल में नक्सल ऑपरेशन पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के बॉर्डर पर माओवादियों के सरगना बसवराजू को हमारे सुरक्षाबलों ने मार गिराया है।इस व्यक्ति पर करोड़ों रुपए का इनाम था। ये व्यक्ति चंद्रबाबू नायडू पर हमला, 75 से ज्यादा जवानों की हत्या और छत्तीसगढ़ के कई कांग्रेस नेता और मंत्रियों की हत्या के मामलों का मास्टरमाइंड था। इसके साथ-साथ करीब 26 माओवादियों को मार गिराया गया है। गौरतलब है कि सुरक्षा बलों ने वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ जंगलों में एक भीषण मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी नेता नम्बाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार गिराया गया। प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के महासचिव बसवराजू उन 26 माओवादियों में शामिल था जिसे इस अभियान के दौरान मार गिराया गया। यह हाल के वर्षों में माओवाद विरोधी सबसे प्रभावशाली सफलताओं में से एक है। लगभग 70 वर्षीय बसव राजू भारत के सबसे वांछित माओवादी नेताओं में से एक थे, जिनके सिर पर 1.5 करोड़ रुपये का इनाम था।

# सलमान के घर में जबरन घुस रहा शख्स गिरफ्तार:कार के पीछे छिपकर गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसा था; सलमान के पास है y+ सिक्योरिटी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , सलमान की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी संदीप नारायण की शिकायत पर बांद्रा पुलिस ने FIR दर्ज की है। संदीप ने बताया कि 20 मई की सुबह 09:45 बजे एक अज्ञात व्यक्ति को गैलेक्सी अपार्टमेंट बिल्डिंग के आसपास घूमते देखा गया। मैंने उसे समझाया और उसे चले जाने को कहा। इस पर आरोपी ने अपना मोबाइल फोन जमीन पर फेंककर तोड़ दिया।संदीप ने कहा कि वह शख्स शाम करीब 7:15 बजे फिर गैलेक्सी अपार्टमेंट के मुख्य द्वार पर वापस आया और इमारत में रहने वाले एक व्यक्ति की कार से गेट के अंदर प्रवेश कर गया। मौके पर मौजूद पुलिस कॉन्स्टेबल सुर्वे, महेत्रे, पवार और सुरक्षा गार्ड कमलेश मिश्रा ने तुरंत उसे हिरासत में लिया और बांद्रा पुलिस के हवाले कर दिया।

सलमान को Y कैटेगरी की सुरक्षा, 24 घंटे 11 जवान साथ

2023 में लॉरेंस गैंग से धमकी मिलने के बाद ही सलमान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की तरफ से + कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। 11 जवान हर समय साथ रहते हैं, इसमें एक या दो कमांडो और 2 ढरड भी शामिल होते हैं। सलमान की गाड़ी के आगे और पीछे एस्कॉर्ट करने के लिए दो गाड़ियां हमेशा रहती हैं। इसके साथ-साथ सलमान की गाड़ी भी पूरी तरह बुलेटप्रूफ है गैलेक्सी अपार्टमेंट पर हुई फायरिंग के बाद जनवरी में सलमान के अपार्टमेंट की बालकनी बुलेटप्रूफ कर दी गई है। साथ ही हाई रेजोल्यूशन कैमरे भी चारों तरफ लगाए गए हैं।

## पिछले महीने धमकी मिली थी, कार बम से उड़ाएंगे

14 अप्रैल 2024 को सलमान के घर फायरिंग हुई थी। उसके ठीक एक साल बाद पिछले महीने 14 अप्रैल 2025 को सलमान को फिर एक बार जान से मारने की धमकी मिली थी। मुंबई के वर्ली स्थित ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट में अज्ञात शख्स ने वॉट्सएप मैसेज कर सलमान की कार को बम से उड़ाने की बात कही।मैसेज में लिखा था- हम सलमान खान को घर में घुसकर मारेंगे। मुंबई की वर्ली पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपी को अरेस्ट कर लिया था।पिछले साल 14 अप्रैल को सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में फायरिंग हुई थी। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। इस केस में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें से एक आरोपी ने खुदकुशी कर ली है।

फास्ट ट्रैक

# पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल और कटिहार के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से ट्रेन संख्या 09189/09190 मुंबई सेंट्रल-कटिहार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरों को समान संरचना, समय, ठहराव और मार्ग पर विस्तारित किया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार स्पेशल को 27 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
2. ट्रेन संख्या 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल स्पेशल को 30 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

ट्रेन संख्या 09189 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 23.05.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय एवं संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.inपर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा! 4 दिन के अंदर केरल में एंट्री, मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई इलाकों में ऑरेंज अलर्ट

**भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून इस हफ्ते के अंत तक केरल में आ जाएगा। मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। केरल, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर राज्यों में भी मानसून आ सकता है। इसके साथ ही महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। बेमौसम बारिश से अहिल्यानगर जिले में किसानों को भारी नुकसान हुआ है।**


भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून इस हफ्ते के अंत तक केरल में आ जाएगा। मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। केरल, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर राज्यों में भी मानसून आ सकता है। इसके साथ ही महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। बेमौसम बारिश से अहिल्यानगर जिले में किसानों को भारी नुकसान हुआ है। दक्षिण-पश्चिम और पूर्वोत्तर दोनों शाखाओं के तेजी से आगे बढ़ने के कारण मानसून के लिए अनुकूल माहौल बन रहा है। अगले चार से पांच दिनों में मानसून दक्षिण अरब सागर के कुछ और हिस्सों, मालदीव और कोमोरिन के बचे हुए इलाकों, लक्षद्वीप के कुछ हिस्सों, केरल, तमिलनाडु, बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी और मध्य भाग, बंगाल की खाड़ी के पूर्वोत्तर भाग और पूर्वोत्तर राज्यों में प्रवेश कर सकता है।मुंबई में भारी बारिश की चेतावनीमौसम विभाग की अधिकारी शुभांगी भुते ने बताया कि अरब सागर में एक चक्रवाती हवा का क्षेत्र बन रहा है। इसके चलते गुरुवार को कम दबाव का क्षेत्र बनेगा। इसका असर महाराष्ट्र में दिखेगा। मुंबई, दक्षिण कोंकण और दक्षिण मध्य महाराष्ट्र में गरज के साथ भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है।गुरुवार-शुक्रवार को ऑरेंज अलर्टपुणे घाट क्षेत्र में गुरुवार और शुक्रवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कोल्हापुर और सतारा घाट क्षेत्र में गुरुवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। रत्नागिरी में आज से शुक्रवार तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# पशुपति से तिरुपति तक 'लाल सलाम' पर ठोंकी आखिरी कील, इतिहास रचने के करीब अमित शाह

**31 मई 2019 को जब अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री का कामकाज संभाला था तब उन्होंने देश को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने का संकल्प लिया था। 2025 के शुरूआती पांच महीनों में जिस तरह से सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ सफलता मिली है उसने नक्सल मुक्त भारत के सपने की उम्मीद बढ़ दी है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नागपुर/गढ़चिरौलीः छत्तीसगढ़ में 27 नक्सलियों के एनकाउंटर ने लाल सलाम का सपना बुनने वालों के अरमानों के ताबूत में आखिरी कील ठोंक दी है। भारत में नक्सलवाद के कभी पशुपति से लेकर तिरुपति तक लाल सलाम की तैयारी की थी लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को गिने-चुने जिलों में सीमित कर दिया है।27 नक्सलियों का एनकाउंटर भले ही छत्तीसगढ़ में हुआ है। इसकी गूंज महाराष्ट्र के साथ पूरे देश में है। 1.5 करोड़ के इनामी बसवराजू नक्सल सुरक्षा बलों के लिए बड़ी चुनौती था। वह महाराष्ट्र के 15 कमांडो का हत्यारा था। पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर बीच में सुशील कुमार शिंदे और फिर बाद में राजनाथ सिंह समेत 30 नेता गृह मंत्री का कार्यभार संभाल चुके हैं, लेकिन देश के 31 गृह मंत्री अमित शाह के दूसरे कार्यकाल में नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। गृह मंत्रालय के अनुसार प्रभावी तौर पर नक्सलियों का प्रभाव सिर्फ आधा दर्जन जिलों में रह गया है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नक्सलियों के बड़े नेता बसवराजू के मारे जाने पर अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। उन्होंने लिखा है कि नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि हमारे बलों द्वारा एक महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं। यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मोदी सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। केंद्रीय गृह मंत्री के संकल्प में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने समर्थन दिया है।

# शिवसेना छोड़ते वक्त रोए थे राज ठाकरे, 20 साल बाद उद्धव अब सबकुछ भुलाने को तैयार ?

**महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के बाद से राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने की चर्चा हो रही है। मार्च में राज ठाकरे के पॉडकास्ट वाले बयान के बाद चर्चा और तेज हो गई थी। ऐसे में जब अब स्थानीय निकाय चुनाव सामने हैं तब उद्धव के करीबी नेता ने बड़ा बयान दिया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः 20 साल पहले जब राज ठाकरे ने जब शिवसेना छोड़ी थी तब कहते हैं कि उस वक्त पर उनकी आंखों में आंसू थे। राज ठाकरे ने इसके बाद महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) बनाई। पहले चुनाव में 13 फिर अगले चुनाव में उनकी पार्टी 1 पर सिमट गई। 2024 के चुनाव में शून्य पर आ गई। इस बीच महाराष्ट्र के सीएम की कुर्सी तक पहुंचे उद्धव ठाकरे भी अब सबसे बुरे दौर में हैं। इस सब के बीच महाराष्ट्र में सबसे बड़े सियासी खेला की अटकलें लगाई जा रही है। कहा जा रहा है कि साल 2025 के मुंबई बीएमसी चुनावों के साथ स्थानीय निकाय चुनावों में 'ठाकरे ब्रदर्स' एक साथ आ सकते हैं। महाराष्ट्र के लिए अपने मतभेद छोड़ने की बात कहने वाले राज ठाकरे से अब उद्धव ठाकरे के बेहद विश्वस्त सहयोगी ने रिश्ता जोड़ने की पहल की है। इसके बाद महाराष्ट्र में एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है कि क्या राज ठाकरे फिर मातोश्री की सीढ़ियां चढ़ने को तैयार हो गए हैं।सबकुछ भूलने को तैयार...उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी प्रवक्ता और विधायक अनिल परब ने बड़ा बयान दिया है। परब ने कहा है कि उद्धव पिछले सब विवाद भूलने को तैयार हैं, लेकिन यूबीटी से मनसे के गठबंधन पर राज को फैसला लेना है। एडवोकेट परब ने कहा कि मराठी लोगों की इच्छा के अनुरूप दोनों ठाकरे एक साथ आ जाएंगे, इसके लिए हम सकारात्मक हैं। चर्चा के दरवाजे हमने कभी बंद नहीं किए।

# अजित पवार का बड़ा फैसला, राजेंद्र हगावने को एनसीपी से निकाला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणे (महाराष्ट्र): राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने अपने एक स्थानीय नेता और उनके बेटे का नाम दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सामने आने के बाद उन्हें पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एनसीपी के पुणे जिला प्रमुख शिवाजी गर्जे ने एक बयान में कहा कि राजेंद्र हगवणे और उनका बेटा सुशील दोनों फरार हैं। उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी अध्यक्ष और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि उन्होंने पुलिस से कहा है कि अगर जरूरी हो तो पिता-पुत्र की जोड़ी को पकड़ने के लिए अतिरिक्त टीम तैनात की जाएं। वैष्णवी के पति और हगवणे के दूसरे बेटे शशांक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पवार उसकी शादी में मौजूद थे।दरअसल राजेंद्र की बहू वैष्णवी (26) ने 16 मई को पुणे के पास बावधन इलाके में ससुराल में कथित तौर पर फंदा लगाकर जान दे दी थी।

पश्चिम रेलवे

वॉटर वेंडिंग मशीनों का प्रावधान

मुंबई सेंट्रल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर मई 2025 माह हेतु वॉटर वेंडिंग मशीनों के लिए ई-नीलामी आयोजित की जा रही है.

| नीलामी कॅटलॉग क्रमांक | बीसीटी-सीटीजी-25-डब्ल्यूवीएम4 |
|---|---|
| ई-नीलामी की तिथि | 29.05.2025 |

| क्रम संख्या | लॉट क्रमांक | स्टेशन | स्टेशन की श्रेणी | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| एए/1 | एमएसएस-बीसीटी-एनवीएस-डब्ल्यूवीएम-65-25-1 | उदवाड़ा, बिलीमोरा, नवसारी | ए, बी | 02 - उदवाड़ा, 02 - बिलीमोरा, 02 - नवसारी |
| एए/2 | एमएसएस-बीसीटी-वीआर-डब्ल्यूवीएम-64-25-1 | दहिसर, मीरा रोड, भायंदर, नायगांव, वसई रोड, नालासोपारा, विरार | सी | 01 - दहिसर, 02 - मीरा रोड, 01 - भायंदर, 01 - नायगांव, 03 - वसई रोड, 02 - नालासोपारा, 03 - विरार |
| एए/3 | एमएसएस-बीसीटी- वापी-डब्ल्यूवीएम-54-25-4 | वापी एवं वलसाड | ए | 04 - वापी, 04 - वलसाड |
| यूनिट का प्रकार वॉटर वेंडिंग मशीन<br>क्षेत्रफल (वर्ग मी.) :- ई-नीलामी का समय : 12.00 | | | | |

टिप्पणी : संभावित बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट कॅटलॉग अंतर्गत उपलब्ध हैं.
0170

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: x.com/WesternRly

# सोलापुर रेल मंडल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली के साथ जन जागरूकता अभियान की शुरूआत की





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

आज गुरूवार 22 मई 2025 को सोलापुर रेल्वे मंडल से डी.आर.एम. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जन जागरूकता अभियान हेतु कार्यालय से सोलापुर रेल स्टेशन तक एक रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरूआत सोलापुर के डीआरएम डॉ. सुजीत मिश्रा ने की। रैली का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने सभी से कहा कि पर्यावरण क्षरण को रोकने तथा अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हम सभी को प्रयास करने की आवश्यकता है। एडीआरएम सोलापुर श्री अंशुमाली कुमार ने कहा कि पेड़ लगाकर और उनकी सुरक्षा करके ही हम बढ़ते तापमान से राहत पा सकते हैं, इसलिए सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल का प्रयास करना चाहिए रेल सिविल डिफेंस सोलापुर टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण से संबंधित विभिन्न नारे लगाए। आरपीएफ विभाग ने पूरी रैली के लिए सुरक्षा प्रदान की। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग (ईएनएचएम विंग) ने सभी के सहयोग से इस रैली की सफलतापूर्वक योजना बनाई। श्री रामलाल प्यासे,Sr DME सोलापुर ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। रैली में अन्य रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठन और लगभग 150 लोगों ने भाग लिया।

## दहेज के लिए हत्या! वैष्णवी हगवणे सुसाइड केस में एनसीपी नेता के परिवार के तीन सदस्य गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः एनसीपी नेता राजेंद्र हगवणे की बहू वैष्णवी के आत्महत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस ने एनसीपी नेता के बेटे, पत्नी और बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाने और दहेज प्रताड़ना के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह घटना 16 मई को भुक्रम क्षेत्र स्थित ससुराल में हुई थी, जहां वैष्णवी फांसी पर लटकी मिली थी। बवधन पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में वैष्णवी के पिता अनिल साहेबराव कासपाटे (51) ने आरोप लगाया है कि शादी के समय उन्होंने अपनी बेटी को 510 ग्राम सोना, चांदी और एक फॉर्च्यूनर एसयूवी दहेज में दी थी। बावजूद इसके, वैष्णवी के ससुरालवाले उस पर मानसिक और शारीरिक दबाव बना रहे थे कि वह 2 करोड़ रुपये और लाकर दे, जिससे वे संपत्ति खरीद सकें।

## आंधी और ओलावृष्टि से आम की फसल खराब

बागपत, आई आंधी, तूफान और ओलावृष्टि ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। रटोल क्षेत्र में सैकड़ों बीघा भूमि पर लगे आम के बागानों में 50 प्रतिशत से अधिक फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है।

पश्चिम रेलवे
अहमदाबाद मंडल

दो लेन रोड ओवर ब्रिज का निर्माण

**ई-निविदा सूचना संख्या CPMGS-ADI-ROB27_25-26-1** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (गति शक्ति), पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **1. कार्य का नाम और उसका स्थान: ई- निविदा संख्या** CPMGS-ADI-ROB27_25-26-1 गति शक्ति इकाई, पश्चिम रेलवे के अंतर्गत अहमदाबाद डिवीजन के अहमदाबाद-वीरमगाम खंड पर छारोड़ी और वासन इयावा के बीच रेलवे किमी 530/9-11 पर एलसी नंबर 27 के बदले में वायडक्ट और आरई दीवारों के साथ एप्रोच सहित 1x 51 मीटर कम्पोजिट स्टील गर्डर के साथ दो लेन रोड ओवर ब्रिज का निर्माण। **2. कार्य की लगभग लागत:** ₹ 44,86,81,266.16 **3.जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 23,93,400/- **4. निविदा फॉर्म शुल्क:** शून्य **5. कार्य की समाप्ति अवधि:** मानसून सहित 18 (अठारह) महीने। **6. ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक: 17.06.2025 समय: 15:00 बजे **7. वेबसाइट विवरण नोटिस बोर्ड स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पताः वेबसाइट:** **www.ireps.gov.in** मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति का कार्यालय, "ए" विंग, चौथी मंजिल, निर्माण भवन, डीआरएम कार्यालय के पास, पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद-382345।
047

Like us on: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे की ओर से मुंबई सेंट्रल ⇌ कटिहार के बीच साप्ताहिक विशेष गाड़ी के फेरों का विस्तार

| गाड़ी क्र. | से | तक | संचालन दिवस | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|---|
| 09189 | मुंबई सेंट्रल | कटिहार | शनिवार | 27.09.2025 |
| 09190 | कटिहार | मुंबई सेंट्रल | मंगलवार | 30.09.2025 |

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी सं. 09189 के लिए बुकिंग 23.05.2025 से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराए पर विशेष गाड़ी के तौर पर संचालित किया जाएगा.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

# पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस और बीकानेर के बीच सुपरफास्ट एक्सप्रेस की शुरूआत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस और बीकानेर स्टेशनों के बीच सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की जा रही है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार हैः

ट्रेन संख्या 21903/21904 बांद्रा टर्मिनस - बीकानेर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस

ट्रेन संख्या 21903 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से 23.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.40 बजे बीकानेर पहुँचेगी। यह ट्रेन 26 मई, 2025 से चलेगी।इसी तरह, ट्रेन संख्या 21904 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार को बीकानेर से 08.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06.45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 28 मई, 2025 से चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, पाली मारवाड़, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर, नोखा और देशनोक स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 3-टियर (इकोनॉमी) और एसी चेयर कार कोच हैं।

ट्रेन संख्या 21903 की बुकिंग 23.05.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय एवं संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.inपर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

पश्चिम रेलवे की ओर से बांद्रा टर्मिनस ⇌ बीकानेर के बीच सुपरफास्ट एक्सप्रेस का शुभारंभ

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य | प्रभावी तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 21903 | बांद्रा टर्मिनस – बीकानेर (साप्ताहिक) | 26.05.2025 | 23.25 बजे (सोमवार) | 20.40 बजे (अगले दिन) |
| 21904 | बीकानेर – बांद्रा टर्मिनस (साप्ताहिक) | 28.05.2025 | 08.50 बजे (बुधवार) | 06.45 बजे (अगले दिन) |
| **ठहराव** : बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, नादियाड, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, अबू रोड, फालना, मारवाड, पाली मारवाड़, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर, नोखा और देशनोके स्टेशन पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन** : एसी 3 – टीयर (इकॉनमी) तथा एसी चेयर कार कोचेस | | | | |

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी सं. 21903 के लिए बुकिंग 23.05.2025 से शुरू होगी.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

## उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अभय ओक को मतृशोक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अभय ओक की माता श्रीमती वासंति ताई का दुखद निधन हो गया है। उनकी मृत्यु न केवल न्यायमूर्ति ओक के लिए बल्कि उनके सभी दोस्तों के लिए एक दुखद घटना है।उनके भाई-बहनों, पोते-पोतियों, ससुराल वालों और सभी रिश्तेदारों का बहुत दुखी होना स्वाभाविक है।उनके परिचितों का एक बड़ा समूह जो हमेशा उनके साथ था, वे सभी इस समाचार से बहुत प्रभावित होंगे। ओक परिवार स्वाभाविक रूप से इस बात से बहुत दुखी है कि अब 'माँ' संबोधन का प्रयोग नहीं किया जाएगा। वह परिवार में एक हंसमुख व्यक्तित्व के धनी थी। उसकी मुद्रा बिल्कुल सरस्वती जैसी थी ! उन्होंने तीखी बातें कहीं और उसी के अनुसार काम किया। आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता उनके गुण थे। उनके व्यवहार में कठोरता किसी को भी आश्चर्यचकित कर देने वाली थी।स्वच्छता उसका श्रृंगार थी।उन्हें गणेश जी को विभिन्न मुद्राओं, मुद्राओं और अन्य चित्रों में चित्रित करने का बड़ा शौक था। वह एक उत्कृष्ट चित्रकार थीं और वासंती ताई एक अच्छी पाठिका थीं। वह विभिन्न बीमारियों से जूझ रही थीं और उनका दृढ़ स्वभाव आश्चर्यजनक है।उनमें अपार दृढ़ संकल्प, सहनशीलता, संवेदनशीलता और धैर्य था।माँ के गुण उसके दोनों बेटों न्यायमूर्ति अभय ओक और दंत चिकित्सक अजीत ओक हैं।88 वर्ष की आयु में, प्राकृतिक नियमों के अनुसार उसकी जीवन यात्रा समाप्त हो गई है।यह हर किसी के लिए एक दुखद क्षण है !

## परिवहन विभाग की जमीनों का विकास पीपीपी आधार पर किया जाएगा : प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , राज्य भर में परिवहन विभाग की 43 भूखंडों में से मुंबई में 4 रणनीतिक भूखंडों पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इसके अलावा, 15 स्थानों पर परिवहन कार्यालय किराए के परिसर में स्थित हैं। ऐसे में परिवहन विभाग को इन स्थानों को विकसित करने के प्रयास करने चाहिए ताकि भविष्य में शेष स्थान न हड़प लिए जाएं।यह निर्देश परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दिया। वह परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि मोटर परिवहन विभाग से सभी 43 स्थानों की जानकारी अद्यतन की जाए तथा इन स्थानों की वर्तमान स्थिति, स्थान का 7/12, 8-ए तथा अन्य संबंधित दस्तावेज तैयार कर परिवहन आयुक्त कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएं। जहां अतिक्रमण हुआ है, उसे हटाने के लिए कानूनी प्रयास किए जाने चाहिए।

झोपड़पट्टी वासियों ने रमाबाई नगर, घाटकोपर, मुंबई में 7 एकड़ भूमि, तथा वडाला, जुहू और अंधेरी में जमीनों पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि परिवहन विभाग ने पिछले कई वर्षों से इस ओर ध्यान नहीं दिया है।इस बैठक में मंत्री प्रताप सरनाईक ने निर्देश दिया कि परिवहन विभाग जल्द से जल्द उक्त जमीन पर बाड़ लगाए और उसे विकसित करने की योजना तैयार करे, ताकि भविष्य में इस तरह की जमीन हड़पे जाने की घटनाएं न हों।

उन्होंने कहा कि भविष्य में राजस्व बढ़ाने के लिए इन क्षेत्रों को पीपीपी (सार्वजनिक निजी भागीदारी) आधार पर विकसित करने की योजना बनाई जाएगी।इसमें अगले 50 वर्षों को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग के लिए आवश्यक कार्यालयों, परीक्षण पथों और अन्य सुविधाओं का निर्माण शामिल होना चाहिए।इस संबंध में मंत्री सरनाईक ने आज परिवहन आयुक्त कार्यालय में मोटर परिवहन विभाग के विभिन्न पदों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार, संयुक्त सचिव राजेंद्र होलकर, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त भरत कालस्कर सहित सभी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी उपस्थित थे।मंत्री प्रताप सरनाईक ने निर्देश दिया कि संबंधित अधिकारी परिवहन विभाग के स्वामित्व वाली भूमि का निरीक्षण करें। इसके लिए विभाग में स्थानों एवं अन्य मामलों की जानकारी एकत्र करने के लिए एक समिति गठित की जाए तथा प्रत्येक स्थान के लिए अलग-अलग सूची तैयार की जाए। साथ ही, इस संबंध में मोटर परिवहन विभाग के पास स्वयं की भूमि के संबंध में व्यापक जानकारी रखने के लिए संपदा अधिकारी एवं विधिक सलाहकार की नियुक्ति की कार्रवाई आगामी 15 दिनों में की जाए। 20 जून तक सभी भूमि दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण किया जाए ताकि इस भूमि के विकास के संबंध में अंतिम निर्णय लिया जा सके।

फास्ट ट्रैक

## सांप के डसने से किसान की मौत

### अस्पताल के बजाय झाड़फूंक के लिए ले गए, 24 घंटे बाद मौत

शाहजहांपुर, अंधविश्वास की एक घटना में एक किसान की जान चली गई। खुदागंज क्षेत्र के मीरपुर गांव के 40 वर्षीय अजय कुमार को मंगलवार सुबह खेत में काम करते समय सांप ने काट लिया। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़फूंक के लिए सुनासिरनाथ ले गए। वहां से कोई फायदा नहीं होने पर उन्हें मार पगार गांव के एक और झाड़फूंक करने वाले के पास ले जाया गया।इसके बाद भत्तापुर गांव में भी झाड़फूंक कराई गई।सीएचसी पहुंचने तक गई जान मृतक के भाई रामू ने बताया कि भत्तापुर गांव में झाड़फूंक करने वाले ने अंग्रेजी दवा देने से मना कर दिया। परिजन अजय को घर ले आए। हालत बिगड़ने पर फिर से भत्तापुर ले गए।हालत और खराब होने पर अंत में सीएचसी पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने अजय को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## हिंदू संगठनों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

### लापता नाबालिग लड़कियों की बरामदगी नहीं, दूसरे समुदाय के युवकों पर ले जाने का आरोप

शाहजहांपुर, हिंदू युवा संगठन ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर लापता नाबालिग लड़कियों की बरामदगी की मांग की है।संगठन के अनुसार जिले के खुटार, पुवायां, सिंधौली, निगोही और कांट क्षेत्र से कई किशोरियां लापता हुई हैं। थाना कांट क्षेत्र से एक किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक ले गया। एक माह बीतने के बाद भी पुलिस उसे नहीं ढूंढ पाई है। इसी तरह सिंधौली थाना क्षेत्र से भी एक किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक ले गया।तीन महीने से वह लापता है।आंदोलन की चेतावनी संगठन का कहना है कि कुछ मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की।जहां एफआईआर दर्ज हुई, वहां लड़कियों की बरामदगी नहीं हो पाई।हिंदू युवा संगठन के संरक्षक राजेश अवस्थी ने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे थाने का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।



## दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

### 5 लाख मिलने के बाद भी कार और कैश की मांग, विरोध पर पीटा, अस्पताल में छोड़ा

शाहजहांपुर, दहेज की मांग को लेकर एक पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।पीड़िता के पिता विक्रम ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले अपनी बेटी अनुरागिनी की शादी आटा बुजुर्ग गांव के नेमसिंह से की थी। शादी में पीड़िता के पिता ने पांच लाख रुपये का दहेज दिया था।इसके बावजूद ससुराल वाले एक लाख रुपये नकद और एक कार की अतिरिक्त मांग करने लगे।जब बेटी ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई।इससे पहले भी पति ने पत्नी को जिला अस्पताल में लावारिस छोड़ दिया था।

## अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता रैली

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क






ठाणे , अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर ठाणे मनपा ने आज सुबह स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक स्वच्छता अभियान और एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस अभियान में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान स्वच्छता की शपथ भी ली गई।गुरुवार को सुबह 7 बजे कोपरी के अष्टविनायक चौक, चेंदनी कोलीवाड़ा और स्वामी समर्थ मठ क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान की शुरूआत एक जागरूकता रैली के साथ हुई।इस रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सफाई कर्मचारी और मनपा के अधिकारी शामिल हुए। इसके बाद वृक्षारोपण किया गया। इसके अलावा, ऑनैंट संगठन के कलाकारों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। इस अभियान में ठाणे पूर्व के वरिष्ठ नागरिक समूह, स्वराज महिला मंडल, स्वराज सामाजिक संस्था, स्वामी समर्थ मठ सेवाकारी, योग समूह, मीठाबंदर रोड, चेंदानी कोलीवाड़ा कोली समाज, आर्ट ऑफ लिविंग- इको क्रांति, मनोहर चव्हाण, स्वप्निल कोली, अरुण राजगुरु आदि ने भाग लिया। वहीं इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे की उपस्थिति में सभी नागरिकों ने स्वच्छता की शपथ ली। उनके साथ मुख्य स्वच्छता निरीक्षक मयूरी वखारिया और शंभुराज कांबले, उप मुख्य स्वच्छता निरीक्षक लक्ष्मण पुरी, स्वच्छता निरीक्षक मुकेश नेस्वंकर , सुनील जगताप, अजय जगताप, संजू रणदिवे आदि शामिल हुए। इसके अलावा दोपहर मनपा मुख्यालय में भी कार्यक्रम होगा। मनपा कर्मचारियों के लिए एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान स्वच्छता की शपथ भी ली गई।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए शहाड़ स्टेशन का लोकार्पण किया

**आमदार कुमार आयलानी और शिवसेना शहर प्रमुख राजिंदर सिंह भुल्लर ने शहाड़ स्टेशन का निरीक्षण किया।**

**अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शहाड़, चिंचपोकळी, परेल, माटुंगा,वडाला रोड स्टेशन विकसित किए गए।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




उल्हासनगर/शहाड़. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार 22 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अमृत भारत स्टेशन योजना ( अइरर ) के अंतर्गत देशभर के 103 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।इस अवसर पर शहाड़ स्टेशन का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय आमदार कुमार आयलानी और शिवसेना शहर प्रमुख राजिंदर सिंह भुल्लर उपस्थित रहे। इस मौके पर आमदार कुमार आयलानी ने शहाड़ स्टेशन परिसर का दौरा कर यात्रियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने यात्रियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में उनकी शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्ष 2023-24 में 1000 से अधिक स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी गई थी, जिसका उद्देश्य स्टेशनों को आधुनिक, स्वच्छ और यात्री सुविधा-संपन्न बनाना है।इसी योजना के अंतर्गत शहाड़ रेलवे स्टेशन का भी पुनर्विकास और आधुनिकीकरण किया गया। मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में स्थित पाँच प्रमुख स्टेशनों चिंचपोकळी,परेल, माटुंगा,वडाला रोड और शहाड़ रेलवे स्टेशन इस चरण में विकसित किए गए। आमदार कुमार आयलानी ने उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने शहाड़ स्टेशन को इस योजना में शामिल किया। इससे न केवल स्टेशन का बल्कि समूचे क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा।शहाड़ रेलवे स्टेशन के उद्घाटन अवसर पर आमदार कुमार आयलानी के साथ शिवसेना नेता राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज, रेलवे के एडीआरएम, कल्याण स्टेशन के एसीएम, स्टेशन प्रमुख महाजन,अमोल खरात,राकेश पाठक, उमेश सोनार,विभाग प्रमुख प्रमोद पांडेय और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## न्यू शिवाजी नगर , कलवा पूर्व में नाला सफाई की कांग्रेस ने खोली पोल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , नाले की सफाई ठीक से नहीं होने की समस्या को लगातार प्रशासन के ध्यान में लाने के बावजूद मनपा प्रशासन की उदासीनता से नागरिकों के घरों में नाले का पानी भरने की आशंका बनी हुई है।ठाणे कांग्रेस प्रवक्ता राहुल पिंगले ने मनपा बारिश से पूर्व नालों की उचित सफाई पूरी कराने और लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कई स्थानों पर नालियों की सफाई ठीक से नहीं होती। यदि कीचड़ को हटा दिया जाता है तो उस पर कीटाणुनाशक का छिड़काव नहीं किया जाता। नाले से निकाला गया मलबा दस दिनों तक वहीं पड़ा रहता है।इसके कारण नागरिकों को भयंकर बदबू सहनी पड़ रही है तथा गंभीर स्वास्थ्य समस्या भी उत्पन्न हो रही है।यह मुद्दा कांग्रेस प्रवक्ता राहुल पिंगले ने उठते हुए कहा है कि मानसून दस्तक दे रहा है। मनपा प्रशासन को शीघ्र कठोर कदम उठाते हुए संबंधित लोगों पर कार्रवाई करना चाहिए।उन्होंने कहा है कि अधिकारियों को सिर्फ निरीक्षण दौरे करने और नालों की सफाई के वादे करने के बजाय सड़कों पर उतरना चाहिए। स्वयं मौके पर खड़े होकर निर्धारित समय सीमा में सफाई का काम पूरा करना चाहिए।इससे हल्की बारिश के दौरान बाढ़ की स्थिति नहीं बनेगी और नागरिकों को असुविधा नहीं होगी। नाला सफाई का काम लगातार लंबित चल रहा है। इसलिए प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल उचित कदम उठाए, अन्यथा हमें कांग्रेस पार्टी के माध्यम से नागरिकों के हित में कड़ा विरोध रुख अपनाना पड़ेगा, ऐसी चेतावनी ठाणे कांग्रेस प्रवक्ता राहुल पिंगले ने दी।

## करंट लगने से मासूम की मौत

### घर से साइकिल निकालने गया था, कूलर छूते ही लगा करंट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव दीपपुर में एक दुखद घटना सामने आई।नई बस्ती में रहने वाले 7 वर्षीय अजान की कूलर में करंट लगने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब अजान कमरे में रखी अपनी साइकिल लेने गया था। कमरे में चल रहे लोहे के कूलर में करंट आ गया था। बच्चे ने जैसे ही कूलर को छुआ, उसे करंट लग गया। अजान अपनी मां और छोटी बहन के साथ खुदागंज में उर्स का मेला देखने आया हुआ था।उसके पिता जयपुर में सिलाई का काम करते हैं।घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य अपने-अपने कामों में व्यस्त थे।

## अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के कार्याध्यक्ष आरिफ काजी ने जरूरतमंद स्कूली बच्चों को बैग वितरित कर अपना जन्मदिन मनाया।

### बैग प्राप्त करने वाले बच्चों की मुकुराहट ही जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार- कार्याध्यक्ष आरिफ काजी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के कार्याध्यक्ष,धार्मिक और सामाजिक कार्यों में आगे बढ़कर सहकार्य करने वाले आरिफ असगर अली काजी का जन्मदिन बुधवार 21 मई को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।उनके जन्मदिन के अवसर पर काजी फैमिली ने हजरत गैबन शाह वली दरगाह परिसर में जरूरतमंद स्कूली बच्चों को बैग वितरित कर इस दिन को विशेष बनाने का सार्थक और सराहनीय प्रयास किया।स्कूली बच्चों के बैग वितरण समारोह में बोलते हुए अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के कार्याध्यक्ष आरिफ असगर अली काजी ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जन्मदिन तो प्रतिवर्ष मनाते आए हैं लेकिन इस बार का जन्मदिन कुछ खास है क्योंकि स्कूली बच्चों को बैग मिलने पर उनके चेहरे पर जो मुस्कुराहट दिखाई दे रही है उसने मेरे जन्मदिन की खुशियों को दुगुना कर दिया। स्कूली बच्चों के बैग वितरण कार्यक्रम में अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के सदर हाजी सलीम जिंदावली चौधरी,उर्स कमिटी के अध्यक्ष जलालुद्दीन करीम शेख,उर्स कमिटी के उपाध्यक्ष पूर्व नगरसेवक बिस्मिल्लाह शेख, युवा सेना नेता युवराज पाटिल,ख्वाजा युनुस चौधरी, मकबूल खान,नईम शेख और कार्यक्रम के आयोजक काजी फैमिली के सदस्यों में वरिष्ठ पत्रकार कमर काजी,खालिद काजी,एडवोकेट मुजाहिद खालिद काजी, अफफान काजी,रोटरेक्ट आदिल खालिद काजी, असबा शेख, आदि लोग उपस्थित रहे। काजी फैमिली के इस सराहनीय कार्य की सभी लोगों ने खुलकर प्रशंसा की।

## अंबरनाथ के प्रसिद्ध धर्मस्थल हजरत गैबन शाह वली की दरगाह परिसर में नवनिर्मित प्याऊ का उद्घाटन किया गया

- धर्मार्थ सेवा हेतु प्याऊ का निर्माण और उद्घाटन भैरव ज्वेलर्स के मालिक भरत अमीचंद जैन ने किया।
- अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट ने भैरव ज्वेलर्स के मालिक भरत अमीचंद जैन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क






अंबरनाथ.अंबरनाथ के प्रतिष्ठित भैरव ज्वेलर्स द्वारा धर्मार्थ और जनसेवा की भावना से किए जा रहे पुण्य-पुनीत कार्यों की श्रृंखला में अंबरनाथ पश्चिम के कोहोजगांव स्थित मस्जिद और हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक प्रसिद्ध सूफी संत हजरत गैबन शाह वली की दरगाह के मुख्य प्रवेश द्वार पर शुद्ध शीतल जल प्याऊ का निर्माण किया गया जिसका उद्घाटन समारोह बुधवार 21 मई को संपन्न हुआ। माना जा रहा है कि इस नवनिर्मित प्याऊ से दरगाह परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं,आसपास के दुकानदारों,सड़क से निकलने वाले राहगीरों,विद्यार्थियों आदि अन्य लोगों के लिए यह अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। भैरव ज्वेलर्स समूह द्वारा इससे पहले भी अंबरनाथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 3, अंबरनाथ पश्चिम स्थित हिन्दू श्मशान भूमी तथा डॉ.बी.जी. छाया उप जिला अस्पताल में शुद्ध शीतल जल प्याऊ का निर्माण किया गया है। बुधवार को संपन्न हुए इस नवनिर्मित शुद्ध शीतल जल प्याऊ के उद्घाटन अवसर पर अंबरनाथ ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर जैन, बदलापुर-अंबरनाथ बिल्डर एसोसिएशन के महासचिव जीडी मिश्रा, स्थानीय पूर्व नगरसेवक उमेश पाटिल, भैरव ज्वेलर्स के मालिक और प्याऊ के निमार्ता भरत अमीचंद जैन, रूपसिंह धल,वरिष्ठ पत्रकार कमर काजी, अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के सदर हाजी सलीम चौधरी, ट्रस्ट के कार्याध्यक्ष आरिफ काजी, पूर्व नगरसेवक ट्रस्टी बिस्मिल्लाह शेख, जलाल शेख, चांद शेख,ख्वाजा युनुस चौधरी,एडवोकेट मुजाहिद खालिद काजी आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने भैरव ज्वेलर्स के इस उल्लेखनीय और बहुउपयोगी कार्य की खुले दिल से प्रशंसा की। भैरव ज्वेलर्स के भरत अमीचंद जैन ने अपने सहयोगियों के साथ हजरत गैबन शाह वली की दरगाह में हाजिरी भी लगाई।

## शादी में टेंट का सामान लेने गए भाई की मौत



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जैतीपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है।नौगवां गोविंदपुर के रहने वाले 15 वर्षीय अभिषेक की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई।अभिषेक कक्षा 8 का छात्र था। अभिषेक की तहेरी बहन आरती की शादी थी।बदायूं से बारात आ चुकी थी और शादी की रस्में चल रही थीं।इसी दौरान टेंट के कुछ सामान की जरूरत पड़ी। परिजनों ने अभिषेक को एक युवक के साथ बाइक से जैतीपुर भेजा। अचानक तेज आंधी आ गई। परिजनों का कहना है कि आंधी के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया होगा।हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मौत बाइक से गिरने के कारण हुई या किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से।शादी के परिवार में मचा कोहराम स्थानीय लोगों ने शव की पहचान कर परिवार को सूचना दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बाइक पर पीछे बैठा दूसरा युवक घायल हो गया है।


### भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# कतर से मिले गिफ्ट को अमेरिका ने स्वीकार किया

## महल जैसा है 3400 करोड़ का प्लेन, राष्ट्रपति रहते ट्रम्प इस्तेमाल क्यों नहीं कर पाएंगे

एजेंसी

वॉशिंगटन , अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेग्सेथ ने बुधवार को बताया कि कतर सरकार ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक बोइंग 747-8 जंबो जेट गिफ्ट में दिया है। इसे एयर फोर्स वन के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। 3400 करोड़ रुपए की कीमत वाले इस लग्जरी प्लेन को 'फ्लाइंग पैलेस' या उड़ता महल कहा जाता है। यह किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा गिफ्ट है। ट्रम्प को इस प्लेन का इस्तेमाल करने से पहले सिक्योरिटी क्लियरेंस का इंतजार करना होगा, जिसमें 3 से 4 साल लग सकते हैं। ऐसे में मुमकिन है कि ट्रम्प राष्ट्रपति रहते इसका इस्तेमाल नहीं कर पाएं। ट्रम्प हाल ही में 14 मई को अपने मिडिल ईस्ट दौरे के दूसरे दिन कतर पहुंचे थे। यहां उन्होंने कतर सरकार के साथ करीब 100 लाख करोड़ रुपए (1.2 ट्रिलियन डॉलर) की डील की थी। ट्रम्प ने 12 मई को व्हाइट हाउस में मीडिया से कहा था कि कतर हमें एक गिफ्ट दे रहा है। अगर हम इसे स्वीकार




नहीं करेंगे तो हम मूर्ख इंसान होंगे।ट्रम्प का कारोबार मिडिल ईस्ट में फैला हुआ है। हाल ही में उनकी कंपनी ने कतर में एक नए गोल्फ रिसॉर्ट की घोषणा की है, जो कतर सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी के साथ साझेदारी में बन रहा है। ऐसे में इस उपहार को 'रिश्वत' या 'हितों' के तौर पर देखा जा रहा है। अमेरिकी संविधान के पारिश्रमिक खंड (एमोल्यूमेंट्स क्लॉज) के मुताबिक सरकारी पद पर बैठा कोई भी इंसान बिना कांग्रेस (संसद) की सहमति के किसी भी राजा या विदेशी राज्य से कोई गिफ्ट या उपाधि नहीं ले सकता है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा कि उनका डिपार्टमेंट इस विमान में सभी जरूरी सुरक्षा उपाय तय करेगा, जिससे राष्ट्रपति इसका सुरक्षित उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि यह उपहार सभी सरकारी नियमों के मुताबिक स्वीकार किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प इस विमान को अस्थायी तौर पर एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक विमान होता है। फिलहाल ट्रम्प का निजी विमान 'ट्रम्प फोर्स वन' एक पुराना 757 जेट है, जो 1990 के दशक का है। इसे 2011 में खरीदा गया था। कतर का प्लेन अभी के फोर्स वन से कहीं ज्यादा आधुनिक और शानदार है। हालांकि, कतर ने अभी इसके बारे में खुलकर कुछ भी नहीं कहा है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट में बताया गया था कि ट्रम्प के कार्यकाल के अंत में यह प्लेन प्रेसिडेंट लाइब्रेरी को दान कर दिया जाएगा। ट्रम्प फिलहाल बोइंग 747-200इ का एयरफोर्स वन के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। बोइंग 747-200इ अपनी सुरक्षा, संचार, और कमांड क्षमताओं के कारण दुनिया का सबसे सुरक्षित विमान माना जाता है। यह अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए एक चलते-फिरते ऑफिस की तरह है। वैसे तो दो बोइंग 747-200इ विमान हैं, जिन्हें एक साथ तैयार रखा जाता है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति की सवारी वाला विमान ही एयर फोर्स वन कहलाता है। इस प्लेन की खूबियां जानिए। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान दो बोइंग 747 को आधुनिक बनाने के लिए एक सौदा किया था, जिसका इस्तेमाल नए एयर फोर्स वन विमान के रूप में किया जाता।

# म्यांमार को तोड़ अलग स्टेट बनाना चाहते हैं बांग्लादेशी नेता

## आजाद रोहिंग्या स्टेट के लिए चीन से मदद मांगी; भारत के लिए खतरा

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश के जमात-ए-इस्लामी पार्टी के नेताओं ढाका में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं के साथ बैठक में म्यांमार के रोहिंग्या बहुल इलाके में एक आजाद रोहिंग्या राज्य बनाने का प्रस्ताव रखा था। जमात के नेताओं ने यह प्रस्ताव 27 अप्रैल को दिया था। एक्सपर्ट ने आशंका जताई है कि अगर इस प्रस्ताव पर सहमति बन जाती है तो इससे भारत के सित्तवे पोर्ट को खतरा हो सकता है। बांग्लादेशी नेताओं की तरफ से यह प्रस्ताव ऐसे वक्त पर आया है जब म्यांमार के बॉर्डर इलाकों में चरमपंथी गुट अराकान आर्मी का कंट्रोल बढ़ रहा है, जिसकी



वजह से बढ़ीं संख्या में रोहिंग्या बांग्लादेश पहुंच रहे हैं। जमात नेता सैयद अब्दुल्ला मोहम्मद ताहिर ने कहा, चीन इस मामले में सबसे बड़ा रोल निभा सकता है क्योंकि उसका म्यांमार के साथ अच्छा रिश्ता है। भारत का कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट सित्तवे पोर्ट के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत को दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह प्रोजेक्ट म्यांमार के सित्तवे पोर्ट को भारत-म्यांमार सीमा से जोड़ती है। राखाइन में बढ़ते संघर्ष ने इस प्रोजेक्ट के लिए मुश्किलें बढ़ा दी है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक स्वतंत्र रोहिंग्या स्टेट का कोई भी प्रस्ताव अस्थिरता को और बढ़ाएगा, जिससे भारत के रणनीतिक लॉजिस्टिक कॉरिडोर को परेशानी हो सकती है। भारत में फिलहाल 20 हजार रोहिंग्या रहते है। चीन अगर जमात-ए-इस्लामी के इस प्रस्ताव को अगर सपोर्ट करता, तो यह भारत के लिए एक नई जियो-पॉलिटिकल चुनौती होगी। हालांकि, एक्सपर्ट्स का कहना है कि एक स्वतंत्र रोहिंग्या राज्य का बनना बहुत मुश्किल है। वहीं, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने रोहिंग्याओं को बांग्लादेश के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा- इस परेशानी का अभी तक कोई हल नहीं निकला गया है। यह हमारे लिए लंबे वक्त से बोझ बना हुआ है। अराकान आर्मी ने म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी और तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी के साथ मिलकर पिछले साल अक्टूबर में 'ऑपरेशन 1027' शुरू किया था, और कई सैन्य ठिकानों और कस्बों पर कब्जा कर लिया। हाल के महीनों में, अराकान आर्मी ने राखाइन राज्य के 80% से ज्यादा हिस्से पर कंट्रोल का दावा किया है। म्यांमार के सैन्य जुंटा को इस इलाके में बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस बढ़ते संघर्ष की वजह से बड़ी संख्या में रोहिंग्या बांग्लादेश पहुंच रहे हैं।

# ट्रम्प की साउथ अफ्रीकी प्रेसिडेंट से तीखी नोकझोंक

## गोरे किसानों के नरसंहार का वीडियो दिखाया; रामफोसा बोले - आपको प्लेन गिफ्ट नहीं कर सकते

एजेंसी

न्यूयॉर्क, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के बीच बुधवार को व्हाइट हाउस में मीडिया के सामने तीखी बहस हुई। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका में गोरे किसानों का नरसंहार किया जा रहा है। ओवल ऑफिस में मीटिंग के दौरान ट्रम्प ने एक वीडियो को सबूत के तौर पर दिखाते हुए दावा किया कि साउथ अफ्रीका में गोरे लोगों को बड़े पैमाने पर टारगेट किया जा रहा है। इसके कारण किसान अमेरिका की ओर भाग रहे हैं। रामफोसा को इसके खिलाफ कदम उठाने चाहिए हालांकि रामफोसा ने दावों का खंडन करते हुए कहा कि नरसंहार के आरोप झूठे हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा- साउथ अफ्रीका में सभी नस्लों के लोग हिंसा से पीड़ित हैं। इनमें ज्यादातर अश्वेत हैं। वहां सिर्फ गोरे लोगों को नहीं सताया जा रहा है। ट्रम्प ने इससे इनकार करते हुए कहा कि सिर्फ 'गोरे किसानों' को सताया जा रहा है। रामफोसा ने ट्रम्प को कतर सरकार से गिफ्ट में मिले प्लेन पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा- मुझे माफ कीजिए मेरे पास आपको देने के लिए प्लेन नहीं है, इस पर ट्रम्प ने भी उसी तरह जवाब दिया, उन्होंने कहा, काश आपके पास ये होता, तो मैं ले लेता। इसके खत्म होने के बाद रामफोसा ने कहा कि वीडियो में उनके देश की पूरी




तस्वीर नहीं दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि साउथ अफ्रीका में कई राजनीतिक दल हैं। लोकतंत्र ने उन्हें अपनी बात कहने की अनुमति दी है। वीडियो में वो जो कह रहे हैं हमारी सरकार की नीति उससे अलग है। रामफोसा ने माना कि उनके देश में बहुत ज्यादा अपराध है, लेकिन उन्होंने यह नहीं माना कि वहां पर सिर्फ गोरे लोगों को सताया जा रहा है। उन्होंने इस दौरान नेल्सन मंडेला का भी जिक्र किया और कहा कि उन्होंने सीख दी थी कि जब भी कोई समस्या हो, तो लोगों को एक साथ बैठकर बातचीत करनी चाहिए। रामफोसा ने आगे कहा कि गोरे लोगों की हत्याएं हुई हैं, लेकिन पुलिस आंकड़े यह नहीं कहते कि वे अश्वेत लोगों की तुलना में ज्यादा खतरे में हैं। अफ्रीकी राष्ट्रपति ने कहा कि उनके देश में आर्थिक से लेकर लगभग हर पैमाने पर गोरे लोग, अश्वेतों की तुलना में कहीं बेहतर स्थिति में हैं। साउथ अफ्रीका में 9 अक्टूबर 2024 को सिरिल रामफोसा के दस्तखत के बाद जमीन अधिग्रहण कानून लागू हुआ था। इस कानून के तहत सरकार सार्वजनिक हित जैसे कि सड़क, हॉस्पिटल या फिर स्कूल बनाने के लिए बिना मुआवजे के निजी जमीन का अधिग्रहण कर सकती है। इस कानून का मकसद साउथ अफ्रीका के इतिहास में रंगभेद के दौरान हुए अन्याय को ठीक करना है। तब अश्वेतों से उनकी जमीनें छीन ली गई थीं और उन्हें गरीब इलाके में भेज दिया गया था। इस कानून के लागू होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और टेस्ला चीफ इलॉन मस्क बेहद नाराज हो गए थे। ट्रम्प ने दावा किया कि साउथ अफ्रीका की सरकार इस कानून के जरिए लोगों की जमीन जबरदस्ती छीन रही है और गोरे लोगों के साथ बुरा बर्ताव कर रही है।

# अमेरिका में इजराइली दूतावास के 2 स्टाफ की हत्या

## यहूदी म्यूजियम के बाहर फिलिस्तीन का नारा लगाकर गोली मारी; दोनों शादी करने वाले थे

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना बुधवार रात करीब 9 बजकर 5 मिनट (भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 6 बजकर 35 मिनट) पर यहूदी म्यूजियम के बाहर हुई। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक अपराधी ने फ्री फिलिस्तीन का नारा लगाकर दोनों को



नजदीक से गोली मारी है। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। घटना के वक्त दोनों कर्मचारी कैपिटल यहूदी म्यूजियम से बाहर निकल रहे थे। इजराइली दूतावास ने प्रवक्ता ने कहा कि दोनों ने हाल ही में सगाई की थी और जल्द ही शादी करने वाले थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान एलियास रॉड्रिगेज के रूप में हुई है। उसकी उम्र 30 साल है। वह शिकागो का रहने वाला है। गिरफ्तारी के दौरान वह फिलिस्तीन को आजाद करने के नारे लगा रहा था। पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने कहा कि गोलीबारी से पहले एक संदिग्ध को म्यूजियम के बाहर घूमते हुए देखा गया था। उसने बाहर निकलते चार लोगों के एक ग्रुप पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई।

घटना शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई, जहां कई म्यूजियम, सरकारी दफ्तर और एफबीआई का ऑफिस भी मौजूद है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह टारगेट किलिंग जैसी घटना है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है और जल्द ही और जानकारी साझा की जाएगी।

# यमुना की सफाई को लेकर अमित शाह की बड़ी बैठक

## रेखा गुप्ता भी रहीं मौजूद, दिए ये निर्देश




एजेंसी

**गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमित शाह ने यमुना की सफाई, पेयजल और सीवेज व्यवस्था पर बैठक की, समग्र दृष्टिकोण से काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार स्वच्छ यमुना के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है, क्योंकि उन्होंने नदी की सफाई के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में यमुना को लेकर बड़ी बैठक की। इसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीआर पाटिल शामिल हुए। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमित शाह ने यमुना की सफाई, पेयजल और सीवेज व्यवस्था पर बैठक की, समग्र दृष्टिकोण से काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार स्वच्छ यमुना के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है, क्योंकि उन्होंने नदी की सफाई के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। यमुना पुनरुद्धार प्रयासों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन यमुना को उसके उद्गम से लेकर उसके समापन बिंदु तक स्वच्छ बनाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और दिल्ली सरकार यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम दिल्ली से होकर बहने वाली नदी के हिस्से पर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक में जल शक्ति मंत्रालय और दिल्ली सरकार के अधिकारी मौजूद थे। हम स्वच्छ यमुना के लक्ष्य की ओर कदम-दर-कदम बढ़ रहे हैं। आधिकारिक रिपोर्टों के अनुसार, दिल्ली में वजीराबाद और ओखला के बीच यमुना का 22 किलोमीटर लंबा हिस्सा, जो नदी की कुल लंबाई का 2 प्रतिशत से भी कम है, इसके प्रदूषण का 80 प्रतिशत हिस्सा है। अंद्राबी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह ऑपरेशन सफल हुआ। उन्होंने पहलगाम पर हमला किया, जहां 26 लोग मारे गए। अब उन्हें शांति मिली होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने वही किया जो उन्होंने कहा था। इससे पहले पहलगाम के भाजपा नेताओं और स्थानीय लोगों ने भारतीय सशस्त्र बलों और ऑपरेशन सिंदूर के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली थी। तिरंगा यात्रा के दौरान पहलगाम लोकल पोनीवाला एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल वहीद वानी ने कहा कि यह रैली उन राक्षसों को जवाब है


# यूपी में आंधी-बारिश से 58 की मौत, महिला की गर्दन कटी

## राजस्थान में 48 पारा, पुंछ में तूफान से स्कूल ढहे; 31 राज्यों में अलर्ट

**मौसम विभाग ने मुताबिक, आज 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट रहेगा। वहीं जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आसपास तूफान से कई स्कूल ढह गए।**

एजेंसी

नई दिल्ली , मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश तक हो सकती है। हालांकि इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी का भी अलर्ट है। उत्तर प्रदेश में बुधवार शाम मेरठ, आगरा समेत 28 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इन जिलों में दो दिन में बिजली, पेड़ और दीवार गिरने और अन्य हादसों में 58 लोगों की मौत हो




गई। फिरोजाबाद में आंधी से उड़कर आई टीनशेड से महिला की गर्दन कट गई। 39 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में बुधवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। सेना रेस्क्यू में मदद कर रही है इधर, दिल्ली- बुधवार शाम करीब 8 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई और कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे तक गिर गए, जिस वजह से रास्ते जाम हो गए।

आंधी-तूफान और बारिश के बीच दो लोगों की मौत भी हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। खराब मौसम के चलते मेट्रो सर्विस भी प्रभावित हुई, जबकि 50 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुईं। 10 फ्लाइट को जयपुर और एक को मुंबई डायवर्ट करना पड़ा।

राजस्थान के 17 जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को देश के टॉप-5 गर्म शहरों की लिस्ट में राजस्थान के 3 शहर शामिल रहे। श्रीगंगानगर 47.6 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म शहर रहा।

श्रीनगर में 133 साल में तीसरी बार सबसे हाई टेम्प्रेचर श्रीनगर में अधिकतम तापमान 34.4त्ड रिकॉर्ड किया गया। श्रीनगर में मई में 133 साल में तीसरी बार सबसे हाई टेम्प्रेचर है। 24 मई 1968 को 36.4त्ड, 28 मई 1971 को 34.3 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर रिकॉर्ड किया गया था।गुजरात के 7 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट मौसम विभाग के मुताबिक, गुजरात में अगले चार दिन आंधी-बारिश की संभावना है।

# केरल में आए 182 कोरोना वायरस के नए मामले

## जनता को सतर्क और सावधान रहने की सलाह

**मंत्री ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में कोविड के मामले बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं और केरल में भी कोविड के मामले बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हालांकि गंभीरता बहुत अधिक नहीं है, लेकिन आत्मरक्षा महत्वपूर्ण है।**

एजेंसी

केरल में मई में 182 कोरोना वायरस के नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसको लेकर केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने जनता को सतर्क और सावधान रहने की सलाह दी है। राज्य की तैयारियों पर मीडिया को संबोधित करते हुए, केरल के सीएम ने कहा कि हांगकांग और सिंगापुर जैसे देशों में स्थिति, बीमारी फैलाने की अधिक क्षमता रखते हैं, दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्रों में मामलों में वृद्धि का कारण बन रहे हैं।मंत्री ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में कोविड के मामले बड़ी



संख्या में सामने आ रहे हैं और केरल में भी कोविड के मामले बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हालांकि गंभीरता बहुत अधिक नहीं है, लेकिन आत्मरक्षा महत्वपूर्ण है। मई में केरल के कोविड-19 मामलों में कोट्टायम 57 मामलों के साथ शीर्ष पर रहा, एनार्कुलम में 34 मामले और तिरुवनंतपुरम में 30 मामले सामने आए। शेष मामले राज्य भर के अन्य जिलों से सामने आए।

# ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ:विदेश मंत्री एस जयशंकर

## बोले- आतंकी हमला जारी रहा तो पाकिस्तान को भुगतने होंगे परिणाम

**विदेश मंत्री जयशंकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जगह नीदरलैंड में थे, जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य आदान-प्रदान के कारण अपनी नियोजित राजकीय यात्रा रद्द कर दी थी।**

एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नीदरलैंड की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान कहा कि यदि सीमा पार से आतंकवादी हमले जारी रहे तो पाकिस्तान को परिणाम भुगतने होंगे। एएनाई ते अनुसार विदेश मंत्री जयशंकर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले का जिक्र किया और कहा कि पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व के विचार कट्टर धार्मिक हैं। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद का निश्चित अंत चाहते हैं। इसलिए हमारा संदेश है: हां, युद्ध विराम ने फिलहाल एक-दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाइयों को समाप्त कर दिया



है, लेकिन अगर पाकिस्तान से आतंकवादी हमले जारी रहे, तो इसके परिणाम भुगतने होंगे। पाकिस्तानियों को यह बात अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए।

विदेश मंत्री जयशंकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जगह नीदरलैंड में थे, जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य आदान-प्रदान के कारण अपनी नियोजित राजकीय यात्रा रद्द कर दी थी। इस यात्रा में आर्थिक सहयोग और आतंकवाद-रोधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया, साथ ही इस साल के अंत में पीएम मोदी की पुनर्निर्धारित यात्रा के लिए तैयारी संबंधी चर्चाएँ भी की गईं। चर्चा किए गए द्विपक्षीय मुद्दों में पाकिस्तान को डच हथियारों की आपूर्ति शामिल थी, जिसे पहले भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मार्च में डच रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकेलमैन्स के साथ दिल्ली में उठाया था।जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत भविष्य में पहलगाम जैसे किसी भी आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में आतंकवादियों पर फिर से हमला करेगा। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है। नीदरलैंड के प्रसारक एनओएस को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि सरकार इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट है कि यदि ऐसा कोई हमला होता है, तो जवाब दिया जाएगा। जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी के दौरे के तहत नीदरलैंड के हेग शहर में थे। उन्होंने कहा, यह अभियान जारी है क्योंकि इसमें एक स्पष्ट संदेश है - कि अगर 22 अप्रैल जैसी हरकतें फिर होती हैं

## संक्षेप

### पुलिस मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइक की सीज

**यातायात पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कार्रवाई की**

सुलतानपुर, यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाली एक मोटरसाइकिल को सीज कर दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर चल रहे वाहन चेकिंग अभियान के तहत की गई। प्रभारी यातायात नरेंद्र बहादुर सिंह ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। वाहन की तेज और कर्कश आवाज से लोग परेशान थे। जिले में ऐसे सभी वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, जो परिवहन नियमों का उल्लंघन कर ध्वनि और वायु प्रदूषण फैला रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह और पुलिस उपाधीक्षक यातायात रमेश के नेतृत्व में टीम सड़कों पर लगातार गश्त कर रही है। पुलिस अवैध पार्किंग और अतिक्रमण को लेकर व्यापारियों और राहगीरों को जागरूक कर रही है। 'सड़क-सुरक्षा, जीवन-रक्षा' अभियान के तहत वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा रहे हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की भी चेकिंग की जा रही है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सेवानिवृत्त फौजी ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**दबंगों ने घर का रास्ता किया बंद, बेटा भी सरहद पर कर रहा ड्यूटी**

सुलतानपुर, एक सेवानिवृत्त फौजी को अपने घर तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कटका ग्राम सभा के कोहड़ा गांव से जुड़ा है। पीड़ित ने गुरुवार को डीएम से मिलकर मामले की शिकायत दर्ज कराया है। बता दें कि गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कटका ग्राम सभा के कोहड़ा गांव निवासी अब्दुल रज्जाक स्वयं रिटायर्ड फौजी हैं। उनके बेटे की जैसलमेर में भारतीय सेना में पोस्टिंग है, ऐसे में वो अकेले रहते हैं। उनका खेत सरकारी ट्यूबवेल के पास स्थित है। यही एकमात्र रास्ता है जिससे वह अपने घर और खेत तक पहुंच सकते हैं। गांव के कुछ दबंग लोगों ने इस रास्ते पर अवैध कब्जा कर लिया है। वे वहां निर्माण कार्य कर रहे हैं जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। रज्जाक के पास वैकल्पिक मार्ग नहीं है। बृहस्पतिवार को उन्होंने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में उन्होंने रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

### हनुमंत हॉस्पिटल में महिला की मौत का मामला

**मृतका के बेटे ने जांच टीम के समक्ष दर्ज कराया बयान, कहा- 10 दिन में कार्रवाई नहीं**

सुलतानपुर, जेल रोड स्थित हनुमंत हॉस्पिटल में चिकित्सकीय लापरवाही का मामला सामने आया है। कुड़वार के महाराजगंज की रहने वाली शिवकुमारी को दर्द और यूरिन की समस्या थी। डॉ. मानसी तोमर और डॉ. डीबी सिंह ने अल्ट्रासाउंड के बाद पथरी का ऑपरेशन करने का फैसला किया।

# बिजली कर्मी ने लगाया एसडीओ पर रिश्वत का आरोप

**मानदेय कटौती से नाराज कर्मी 90 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा, साढ़े 4 घंटे बाद उतरा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, प्रयागराज के मेजा में एक बिजली कर्मी ने एसडीओ पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए हाई टेंशन टावर पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया। मसौली उपकेंद्र में संविदा पर एसएसओ पद पर कार्यरत कर्मराज बिंद ने 400 केवी कवर ग्रिड के हाई वोल्टेज टावर पर चढ़कर आत्मदाह की धमकी दी। कर्मराज का आरोप था कि एसडीओ मणिशंकर ने उनके मानदेय में अनुचित कटौती की है। वह टावर पर लगभग 90 फीट की ऊंचाई तक चढ़ गए। सूचना पाकर चौकी प्रभारी दिपिका विक्की गुप्ता, इंस्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह और बस्ती उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह मौके पर पहुंचे। लंबी समझाइश के बाद साढ़े चार घंटे बाद दोपहर 2:24 बजे वह नीचे उतरे। एक्सईएन रविंद्र पाल ने एसडीओ पर लगे आरोपों की जांच का आश्वासन दिया। संविदा कर्मियों ने बताया कि उन्होंने 18 मार्च को जिलाधिकारी, मुख्य अभियंता और मंडल मुख्य अभियंता को एसडीओ के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसडीओ मणिशंकर ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि कर्मराज का ट्रांसफर सराय अकिल हो गया है, लेकिन वह वहां जाना नहीं चाहते। साथ ही आवास भी खाली नहीं करना चाहते। उन्होंने बताया कि संविदा कर्मी मार्क विजन एजेंसी के तहत काम करते हैं और वेतन संबंधी समस्याओं के लिए एजेंसी से संपर्क करना चाहिए।

# हाथरस सत्संग हादसे में तीन और को मिली जमानत

**भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले के तीन आरोपियों को सशर्त जमानत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाथरस के सिकंदराराऊ के फुलरई मुगलगढ़ी में दो जुलाई 2024 को सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत मामले के तीन आरोपियों को सशर्त जमानत दे दी। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने देव प्रकाश मधुकर और दो अन्य की याचिका पर दिया साकार विश्वहरि उर्फ भोलेबाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने 11 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया था। जेल में बंद तीन आरोपियों देव प्रकाश मधुकर, मेघ सिंह और मुकेश ने हाईकोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की थी। इस मामले में उच्च न्यायालय से पहले ही कई आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। याची के अधिवक्ता ने बताया कि हाईकोर्ट ने तीन आरोपियों देव प्रकाश मधुकर, मेघ सिंह और मुकेश की जमानत याचिकाएं भी मंजूर कर ली हैं।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

- भागते समय वाहन चालक ने महिला को भी टक्कर मारी, हालत गंभीर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, कमरौली थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। थाने के सामने दोपहर साढ़े तीन बजे वाराणसी से लखनऊ की तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद भागते समय वाहन ने सड़क पार कर रही एक महिला को भी टक्कर मार दी। घटना में बाइक चालक 26 वर्षीय अफसर खान और महिला तारावती गंभीर रूप से घायल हो गए। कमरौली पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से जगदीशपुर सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने पूरे चन्दई थाना मोहनगंज निवासी अफसर खान को मृत घोषित कर दिया। वाहन चालक फरार पलिया पश्चिम की रहने वाली तारावती का इलाज जारी है और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। कमरौली थाना प्रभारी अभिनेष कुमार ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस वाहन और चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# यूपी में जीएसटी पंजीकरण को लेकर जागरूकता अभियान

**व्यापारियों को मिलेंगी कई सुविधाएं, 1.5 करोड़ तक के कारोबार पर समाधान योजना**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लाभों से अवगत कराने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया है। सुल्तानपुर में आयोजित कार्यक्रम में अयोध्या क्षेत्र के अपर आयुक्त राज्य कर संतोष कुमार ने कहा कि जीएसटी पंजीकरण व्यापारिक सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि अब सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन हैं। व्यापारियों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। राज्य सरकार ने छोटे व्यापारियों के लिए विशेष सुविधाएं दी हैं। इनमें 1.5 करोड़ वार्षिक कारोबार तक के व्यापारियों के लिए समाधान योजना शामिल है। साथ ही 10 लाख तक की व्यापार बीमा योजना भी है। एसएमएस के जरिए सरल रिटर्न दाखिल करने की सुविधा भी दी गई है। क्यूआरएमपी योजना के तहत छोटे व्यापारियों को मासिक या त्रैमासिक रिटर्न भरने का विकल्प मिलेगा। 2.5 लाख से ज्यादा के सरकारी भुगतानों पर 2 टीडीएस की कटौती होगी। यह अभियान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व्यापारिक वर्ग को सशक्त बनाने की पहल है। कार्यक्रम में ज्वाइंट कमिश्नर एल एन शरण, डिप्टी कमिश्नर अभिषेक प्रताप सिंह समेत टैक्स बार एसोसिएशन और व्यापार मंडल के कई प्रतिनिधि के साथ व्यापारी हाजी मो इलियास खान, अलीमुद्दीन, आनन्द पाण्डेय, अजमत खान, अफ्तार अहमद, सरफराज, शहजाद अहमद, जावेद अहमद मौजूद रहे।

# छेड़छाड़ के मामले में तीन दोषियों को सजा

- सुलतानपुर कोर्ट ने सुनाई 3-3 साल की कैद, 5-5 हजार का लगाया जुर्माना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, छेड़छाड़ के एक मामले में न्यायालय ने तीन दोषियों को सजा सुनाई है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत की गई। न्यायालय एएसजे ने अरविन्द कुमार मिश्रा, रिन्कू उर्फ विकास मिश्रा और विवेक मिश्रा को दोषी पाया। तीनों आरोपी धनूपुर, थाना लम्भुआ, सुलतानपुर के निवासी हैं। कोर्ट ने धारा 354/506 के तहत प्रत्येक दोषी को तीन साल के कठोर कारावास और 5,000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। पीड़िता की बहन के साथ छेड़छाड़ की गई थी। आरोपियों ने भद्दी-भद्दी गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों पर धारा छेड़छाड़, गाली गलौज के साथ पॉक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। क्षेत्राधिकारी विजयमल यादव ने मामले की जांच की। जांच में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 11 जून 2020 को आरोप पत्र दाखिल किया गया।

# जमीन विवाद में भाई ने भाई को दिया जहर

**लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर, बंटवारे को लेकर चार भाइयों में चल रहा मुकदमा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, चतुर्भुजपुर गांव में जमीनी विवाद ने भाई को भाई का दुश्मन बना दिया। सुरेश नारायण को उनके दो भाइयों शेष नारायण और दिनेश नारायण ने कथित तौर पर सल्फास खिला दिया। सुरेश नारायण और राम नारायण एक साथ रहते हैं। शेष नारायण और दिनेश नारायण अलग रहते हैं। चारों भाइयों के बीच जमीन बंटवारे का मुकदमा चल रहा है।

राम नारायण के मुताबिक, वह सुल्तानपुर जाने से पहले सुरेश से मिलने गए थे। इसी दौरान शेष और दिनेश ने सुरेश को सल्फास खिला दिया और फरार हो गए। शांति भंग में किया जा चुका पाबंद परिजन सुरेश को जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। अमेठी एसएचओ रवि सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। जमीन विवाद को लेकर पहले ही दोनों पक्षों को शांति भंग के आरोप में पाबंद किया जा चुका है। अभी तक कोई तहरीर नहीं जांच में जहर खिलाने के आरोप गलत पाए गए हैं। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में अधिवक्ता समेत 5 की मौत

**3 घायल, बेटे को लेकर जा रहे थे स्कूल, कार ने मारी टक्कर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, बीते 24 घंटों में सड़क हादसों ने 5 परिवारों को झकझोर दिया। पांच अलग-अलग हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई। तीन गंभीर घायलों को लखनऊ रेफर किया गया। पहली घटना- कोतवाली नगर के पर्यावरण पार्क के पास हुई। अधिवक्ता नवीन शुक्ला अपने बेटे को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में 45 वर्षीय नवीन शुक्ला की मौत हो गई। उनके बेटे को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया। कार पर विश्व हिंदू परिषद अयोध्या-महानगर का स्टीकर और विधायक का पास लगा था। दूसरी घटना- हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर हुई। धर्मराज नाम के 30 वर्षीय युवक रिश्तेदारी से लौट रहे थे। ईरूल पर आवारा पशुओं को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। धर्मराज अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। तीसरी घटना- बल्दीराय क्षेत्र के रहमानगंज बाजार के पास हुई। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में 60 वर्षीय मोहम्मद अतहर की मौत हो गई। दूसरे बाइक चालक मंजीत कुमार को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया। मंजीत ने शराब का सेवन कर रखा था। चौथी घटना- कूरेभार थानाक्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की है जहां नींद के कारण झपकी आने से गोरखपुर जिले के पतरेठा गांव बांसगांव अनिल सहानी (45वर्ष) पुत्र राज धारी साहनी अपने बेटे उमेश सहानी (23वर्ष) घायल हुए।

राजकीय मेडिकल कालेज में डॉक्टर ने पिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं बेटे को मामूली चोटे आई। घटना बुधवार दिन की है। पांचवी घटना- चांदा कोतवाली के मानापुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई जहां पिकअप सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में पीछे से टकरा गई।

# सपा कार्यालय की जांच

**नगर निगम की टीम को सपा कार्यकर्ताओं ने रोका, अधूरी जांच लौटी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, समाजवादी पार्टी के कार्यालय को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नगर निगम की टीम कार्यालय की जांच करने पहुंची। टीम में पीडब्लूडी, राजस्व विभाग और निगम के अधिकारी शामिल थे। नगर निगम का कहना है कि कार्यालय का निर्माण बिना अनुमति के किया गया है। शिकायत मिलने के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। सपा महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी ने कार्रवाई का विरोध किया। उनका कहना है कि यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि अगर जनहित की शिकायत होती तो अधिकारी संज्ञान नहीं लेते। लेकिन कार्यालय की शिकायत मिलते ही टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। विरोध के चलते टीम अपनी जांच पूरी नहीं कर पाई। सपा कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद टीम को वापस लौटना पड़ा। निगम अधिकारियों ने बताया कि जांच प्रक्रिया अभी जारी है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कच्ची दीवार गिरने से महिला की मौत

**बारिश से गीली हुई दीवार गिरी, 59 वर्षीय सीतापति दबीं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के गांव मैंझार में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। कच्ची दीवार गिरने से 59 वर्षीय सीतापति की मौत हो गई। आई तेज आंधी और बारिश से कच्ची दीवार गीली हो गई थी। गुरुवार सुबह सीतापति कुछ काम से कच्ची कोठरी के अंदर गईं। इसी दौरान अचानक दीवार भरभराकर गिर पड़ी। वह मलबे में दब गईं। मृतका के पति शत्रोहन ने बताया कि परिजन और पड़ोसी मिलकर मलबा हटाकर सीतापति को बाहर निकाला। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व लेखपाल श्रीकांत यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। शिवरतनगंज थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। लेखपाल की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी जाएगी।

# अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

**दिलीप पटेल बोले- काशी से रामेश्वरम तक मंदिरों का कराया जीर्णोद्धार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, भाजपा कार्यालय में देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती स्मृति अभियान पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने अहिल्याबाई को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताया। अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चांडी गांव में हुआ। उनके पिता मैंकोजी शिंदे मराठा साम्राज्य में पाटिल थे। विवाह के बाद वह मालवा राज्य की बहू बनीं और बाद में महारानी। उनका जीवन चुनौतियों से भरा रहा। पति खंडेराव की युद्ध में मृत्यु हुई। फिर ससुर मल्हाराव का निधन हुआ। इकलौते पुत्र माले राव की भी असामयिक मृत्यु हो गई। 11 दिसंबर 1767 को उन्हें राज्याभिषेक कर सिंहासन सौंपा गया। अहिल्याबाई ने विदेशी आक्रमणों के दौर में काशी से रामेश्वरम तक अनेक तीर्थस्थलों का जीर्णोद्धार कराया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी, एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई, ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी